महाकुम्भ 2025

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 48 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## मांझा कारखाने में धमाका मालिक समेत 3 की मौत

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के किला थाना क्षेत्र में आज सुबह बड़ी घटना हो गई। बाकरगंज की तंग गली में स्थित मांझा कारखाने में तेज धमाका हुआ, जिससे कारखाना मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि पूरा इलाका दहल गया। धमाके की आवाज तीन किलोमीटर तक सुनी गई। शवों के चीथड़े उड़ गए। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। इलाके में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि इस इलाके में आठ साल पहले भी इसी तरह की घटना हुआ था। जानकारी के मुताबिक बाकरगंज में अतीक रजा खां का मकान है। वह मकान के पिछले हिस्से में मांझा बनाने का कारखाना चला रहे थे। आज सुबह मांझा बनाते समय तेज धमाका हो गया। घटना में अतीक और मांझा कारीगर फैजान की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा कारीगर सरताज गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। कुछ देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया।

## महाकुंभ में लगी आग

**महाकुंभ नगर (एजेंसी)।** प्रयागराज के महाकुंभ नगर के सेक्टर 18 में आग लग गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन दमकल विभाग की गाड़ियां और अधिकारी आग बुझाने में जुट गए। यह आग सेक्टर 18 में बने इस्कॉन के शिविर में लगी। शुरुआती जांच में पता लगा है कि आग शिविर के किचन में लगी थी। जहां रखे गैस सिलेंडर के फटने से हादसा हुआ है। हालांकि आधिकारिक रूप से आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। सीएफओ का दावा है कोई हताहत नहीं हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 10.30 बजे आग लगने की घटना सामने आई। महाकुंभ मेला क्षेत्र के शंकराचार्य मार्ग पर स्थित सेक्टर 18 में यह घटना घटी। काफी दूर से आसमान में काला धुआं नजर आ रहा है। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। साथ ही आग लगने की वजह की जांच कराई जाएगी।

## परिणाम के पूर्व 'आप' में बेचैनी

### केजरीवाल ने सभी 70 प्रत्याशियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले आज आम आदमी पार्टी के संयोजक तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सभी 70 उम्मीदवारों की बैठक की। बताया गया कि इस बैठक में नतीजे वाले दिन के लिए पार्टी की तैयारियों और विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों को लेकर बैठक में मंथन किया गया।

आम आदमी पार्टी ने संभावित विधायकों की खरीद फरोख्त के आरोपों के बीच चुनाव लड़ रहे अपने प्रत्याशियों की बैठक बुलाई। जिसमें संभावित सरकार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। आप के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बन रही है, मगर भाजपा माहौल खराब करने के लिए फर्जी एग्जिट पोल दिखाकर उनके संभावित विधायकों को खरीदना चाहती है।

ऐसे में पार्टी नेतृत्व अपने संभावित विधायकों के साथ बैठकर इस मुद्दे पर चर्चा करेगा और उन्हें आश्वस्त करेगा कि सरकार उनकी बन रही है। वहीं, इन संभावित विधायकों से यह भी कहा जाएगा कि किसी तरीके का विपक्षी दलों द्वारा संपर्क करने पर उसकी रिकॉर्डिंग जरूर करें। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को वोटिंग हुई थी, जबकि आठ फरवरी को चुनाव का परिणाम आएगा।

वहीं, ज्यादातर एग्जिट पोल के अनुसार, दिल्ली में इस बार भाजपा की सरकार बन रही है। लेकिन सरकार किसकी बनेगी, यह तो आठ फरवरी को ही पता चलेगा।

## पुलिस ने 'चीता' को किया लंगड़ा

### मुंबई पुलिस में वांछित ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर एक्ट और लूट के मामलों में वांछित कुख्यात इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से इनामी बदमाश जतिन उर्फ चीता घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम यदु पब्लिक स्कूल रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि थाना सेक्टर-113 से गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित इनामी बदमाश जतिन उर्फ चीता काले रंग की बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर सर्फाबाद गांव से टिवोली तिराहे की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दी।

पुलिस को देखकर बाइक सवार पीछे मुड़ने लगा। पीछा करने पर वह टिवोली के सामने कच्चे रास्ते की ओर भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। घबराहट में उसकी बाइक फिसल गई और वह जमीन पर गिर गया। खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में जतिन उर्फ चीता (पुत्र मनोज, निवासी ग्राम शबाना, थाना कपूरपुर, जनपद हापुड़) एक कुख्यात बदमाश है, जो वर्तमान में नोएडा के सलारपुर में किराए पर रह रहा था। जतिन उर्फ चीता से बरामद बाइक उसने तीन दिन पहले ग्रेटर नोएडा से लूट के इरादे से चोरी की थी। जनवरी के पहले सप्ताह में उसने नोएडा में राह चलती एक महिला से दो मोबाइल फोन लूटे थे। इसके अलावा, उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 1 अक्टूबर को मुंबई के ठाणे में एक महिला के गले से चेन लूटी थी। इस मामले में उसके साथी प्रवीण को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद जतिन मुंबई से भागकर नोएडा आ गया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी छात्रों व अभिभावकों में हड़कंप

### जांच में कुछ नहीं मिला, साइबर टीम कर रही है मेल की जांच : डीसीपी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में एक बार फिर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। नोएडा के सेक्टर-168 शिव नादर स्कूल को मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। खबर मिलते ही मौके पर पुलिस टीम, डॉग स्क्वाड तथा बम डिस्पोजल स्क्वाड पहुंचा तथा चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। लेकिन बम व कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

नोएडा के सेक्टर-168 स्थित शिव नादर स्कूल को आज सुबह स्कूल खोले जाने के बाद मैनेजमेंट को एक मैसेज मिला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लापरवाही बरतने पर प्राधिकरण के दो अधिकारियों पर गिरी गाज

- वर्क सर्किल-4 के प्रभारी अशोक वर्मा व उद्यान उपनिदेशक राजेन्द्र सिंह कार्मिक विभाग में अटैच

**नोएडा (चेतना मंच)।** कार्य में लापरवाही तथा अनियमितता बरतने पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने वर्क सर्किल-4 के प्रभारी तथा उद्यान विभाग के उपनिदेशक को पद से हटा दिया है। दोनों ही अधिकारियों को कार्मिक विभाग से अटैच कर दिया गया है।

प्राधिकरण के सूत्रों ने बताया कि वर्क सर्किल-4 के प्रभारी अशोक वर्मा ने अदालत में विचाराधीन मामले की एक संपत्ति को अतिक्रमण हटाने के नाम पर तोड दिया था। उस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को आज तलब किया है। इसके अलावा अशोक वर्मा के खिलाफ कई अनियमितता बरतने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बताया जाता है कि अशोक वर्मा के ऊपर किसी मंत्री का वरदहस्त है। इसी के चलते वे अधिकारियों के आदेशों को (शेष पृष्ठ-3 पर)




## हाउस में छापा, हरियाणा की तीन पेटी शराब बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** आबकारी विभाग की टीम ने एक फार्म हाउस में छापा मारकर पार्टी के लिए लाई गई हरियाणा राज्य की तीन पेटी शराब बरामद की है। इस दौरान टीम ने फार्म हाउस के दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर थाना नॉलेज पार्क पुलिस के हवाले कर दिया। सर्किल-5 के आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने थाना नॉलेज पार्क में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सेक्टर-150 के पास स्थित विवान फार्म हाउस में हरियाणा से तस्करी कर शराब लाकर रखी गई है। फार्म हाउस के मालिक द्वारा यह शराब पार्टी आयोजकों को अधिक कीमत पर बेची जाती है।

सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने फार्म हाउस पर छापा मारा। जांच के दौरान फार्म हाउस के एक कमरे से 'मैकडॉवेल नंबर वन', 'रॉयल चैलेंज क्लासिक प्रीमियम व्हिस्की' (शेष पृष्ठ-3 पर)

## किशोरी लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली एक (16 वर्षीय) किशोरी बिना बताए घर से चली गई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने थाना सेक्टर-63 में रिपोर्ट दर्ज कराई। मूल रूप से बिहार निवासी विनोद (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिजनों के साथ फिलहाल चोटपुर कॉलोनी में रह रहा है। 15 जनवरी की दोपहर उसकी बेटी बिना बताए घर से निकल गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर उसने उसकी तलाश शुरू की। परिचितों व रिश्तेदारों के यहां तलाश करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस का कहना है (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कार की चपेट में बाइक सवार की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में तेज रफ्तार से आ रही फॉक्सवैगन कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूल रूप से झारखंड निवासी आकाश दुबे वर्तमान में सरिता विहार डेयरी फार्म, साउथ दिल्ली में रह रहा था। वह सेक्टर-135 स्थित कॉन्डुएंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत था। 6 फरवरी को वह ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जब आकाश दुबे की बाइक हाजीपुर अंडरपास के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही फॉक्सवैगन कार के चालक ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में आकाश दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा क्षेत्र में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से चोर सीलिंग फैन, गैस सिलेंडर, इनवर्टर, बैटरी, पीतल के गमले, बर्तन आदि चोरी कर ले गए। पुलिस ने घटना के चार महीने बाद इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज की है।

जारचा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. नीरज कुमार विद्यार्थी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अक्टूबर माह की रात को चोरों ने स्वास्थ्य केंद्र में लगे पंखे, गैस सिलेंडर, इनवर्टर, बैटरी, पीतल के गमले और बर्तन चोरी कर लिए।

स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट महेश चंद्र वर्मा ने उन्हें चोरी की जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मकान से इनवर्टर व बैटरी चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-70 स्थित एक मकान में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में लगे इनवर्टर, बैटरी और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

सेक्टर-70 निवासी अजय कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 1 फरवरी की रात चोरों ने उनके मकान में सेंध लगाई। चोर उनके घर से इनवर्टर, बैटरी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय परिजन घर में सो रहे थे। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक गांजा विक्रेता को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से गांजा बरामद हुआ है। पकड़ा गया आरोपी कंपनियों में काम करने वाले लोगों, रिक्शा और ऑटो चालकों को गांजा बेचता था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। जब पुलिस टीम खोड़ा तिराहे के पास पहुंची, तो मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति सेक्टर-55 की सर्विस रोड पर खड़ा है, जो मजदूरों, रिक्शा और ऑटो चालकों को गांजा बेचता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से साढ़े चार सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद सेफ बताया। उसने स्वीकार किया कि वह दिल्ली से गांजा लाकर कंपनियों के आसपास मजदूरों को बेचता था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## पर्यटन का केन्द्र बनेगा सोरखा में पहला पुष्करिणी तालाब

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण 10 करोड़ रुपए की लागत से सोरखा गांव में पहला पुष्करिणी तालाब का निर्माण करेगी। मार्च माह में इसका निर्माण होगा। ये तालाब प्राचीन संस्कृतिक विरासतों से प्रेरणा लेकर यहां बनाया जाएगा। इसे एक पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाना है। बीते करीब छह माह से प्राधिकरण में इस तालाब को लेकर चर्चा थी। प्राधिकरण का उद्यान विभाग ने इसके लिए सलाहकार कंपनी से डिजाइन तैयार करवाया। अब से जमीन पर उतारने का समय आ गया है। प्राधिकरण ने तालाब निर्माण के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे है। 17 फरवरी तक कंपनी आवेदन कर सकती है। 18 फरवरी को बिड खोली जाएगी।

इसमें लो कास्ट कंपनी का चयन किया जाएगा। हालांकि निर्माण में किसी प्रकार की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इस तालाब के दो फायदे होंगे। पहला ये एक पर्यटक स्थल के लिए रुप में विकसित होगा। दूसरा नोएडा के जल स्तर में गिरवाट हो रही है। ये तालाब जल स्तर को स्थिर करेगा और बढ़ाने में मदद करेगा। इस तालाब का डिजाइन सीढ़ी नुमा होगा। जिसमें पानी सीढ़ियों से आते हुए नीचे तालाब में एकत्रित होता रहेगा। इसी तालाब के बीच में एक फाउंटेन लगाया जाएगा। साथ ही यहां म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया जा सकता है।

हाल ही में एसीईओ संजय खत्री ने सोरखा का निरीक्षण भी किया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *निःशुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## वायु प्रदूषण

देश की लगातार खराब होती आबोहवा के बावजूद वायु प्रदूषण व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि जन स्वास्थ्य से जुड़ा यह मुद्दा न तो चुनावी घोषणा पत्रों में नजर आता है और न ही नीति-नियंता ही इस विषय पर संवेदनशील नजर आते हैं। नागरिकों के स्तर पर भी हम वह जागरूकता नहीं ला पाए हैं, जिससे वे जनप्रतिनिधियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिये कारगर नीति बनाने के लिये बाध्य कर सकें। हाल ही में सामने आए एक शोध का वह निष्कर्ष चौंकाने वाला है कि दक्षिण-पूर्व एशिया में धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़े के कैंसर के मामलों में खासी तेजी आई है। एक नया अध्ययन बताता है कि इस संकट की मूल वजह वायु प्रदूषण ही है। हाल ही में 'लैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल' में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा किया गया है कि साल 2022 में पच्चीस लाख लोगों में इस बीमारी का पता चला था। हालांकि, इस कैंसर का शिकार होने वालों में ज्यादा संख्या पुरुषों की थी लेकिन महिलाओं की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। वहीं दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी यानी आईएआरसी समेत कई अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने डेटा विश्लेषण के बाद निष्कर्ष दिया कि एडेनोकार्सिनोमा पुरुषों और महिलाओं में कैंसर का एक मुख्य कारक बनता जा रहा है। यानी ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों से शुरू होता है। वर्ष 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों के फेफड़ों के कैंसर के 53 से 70 फीसदी मामले इसी कारक की वजह से सामने आए हैं। यह विडंबना ही है कि जहां एक ओर दुनिया में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद धूम्रपान न करने वालों के फेफड़ों में कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। जो कैंसर से संबंधित मृत्यु का पांचवां प्रमुख कारण माना जाता है। निश्चित रूप से दुनिया भर में व्याप्त वायु प्रदूषण के संकट से निबटने के लिये सामूहिक प्रयास व सत्ताधीशों की सक्रियता नजर नहीं आती। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की साल 2024 में आई एक रिपोर्ट में पूरी दुनिया में 81 लाख लोगों के वायु प्रदूषण से मरने का आंकड़ा सामने आया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अकेले भारत में इक्कीस लाख मौतें वायु प्रदूषण जनित विभिन्न बीमारियों से होने की आशंका है। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत विभिन्न बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के चिंताजनक आंकड़े अकसर सामने आते रहते हैं। यहां तक कि कई बार देश की शीर्ष अदालत दिल्ली को गैस चेंबर बनाने का आक्षेप लगाती रही है। लेकिन जब वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है तो विभिन्न ग्रैप मानकों के अंतर्गत कार्रवाई फौरी तौर पर की जाती है। इसके बावजूद सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 का स्तर लगातार बढ़ता ही रहता है। सत्ताधीश इसके लिये पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार बताकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। हाल में आए एक अध्ययन में बताया गया है कि अक्तूबर-नवंबर में दिल्ली व एनसीआर में होने वाला ज्यादातर प्रदूषण काफी हद तक स्थानीय कारणों से उत्पन्न होता है। आकाश परियोजना के तहत जापान के एक शोध संस्थान द्वारा कराया गया एक अध्ययन शोध पत्रिका 'एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित हुआ है। जिसमें वर्ष 2022 और 2023 के सितंबर से नवंबर महीनों के दौरान दर्ज किए गए अति सूक्ष्म कणों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिसके अंतर्गत पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में तीस सेंसर लगाए गए थे। अध्ययन बताता है कि सूक्ष्म कणों यानी पीएम-2.5 के समग्र स्तर में केवल 14 फीसदी योगदान पराली जलाने के मामलों का था। हालांकि, अध्ययन ने माना कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले ग्रैप की प्रभावशीलता नजर आई है। निश्चित रूप से स्वच्छ वायु के लिए सामाजिक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही स्थानीय प्रदूषण के कारणों की सख्त निगरानी की भी जरूरत है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिनको निर्गुण-सगुण का कुछ भी विवेक नहीं है, जो अनेक मनगढ़ंत बातें बका करते हैं, जो श्री हरि की माया के वश में होकर जगत में ( जन्म-मृत्यु के चक्र में ) भ्रमते फिरते हैं, उनके लिए कुछ भी कह डालना असंभव नहीं है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बातुल भूत बिबस मतवारे। ते नहिं बोलहिं बचन बिचारे॥**
**जिन्ह कृत महामोह मद पाना। तिन्ह कर कहा करिअ नहिं काना॥**

जिन्हें वायु का रोग (सन्निपात, उन्माद आदि) हो गया हो, जो भूत के वश हो गए हैं और जो नशे में चूर हैं, ऐसे लोग विचारकर वचन नहीं बोलते। जिन्होंने महामोह रूपी मदिरा पी रखी है, उनके कहने पर कान नहीं देना चाहिए॥

**अस निज हृदयँ बिचारि तजु संसय भजु राम पद।**
**सुनु गिरिराज कुमारि भ्रम तम रबि कर बचन मम॥**

अपने हृदय में ऐसा विचार कर संदेह छोड़ दो और श्री रामचन्द्रजी के चरणों को भजो। हे पार्वती! भ्रम रूपी अंधकार के नाश करने के लिए सूर्य की किरणों के समान मेरे वचनों को सुनो!॥

**सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान बुध बेदा॥**
**अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सगुन सो होई॥**

सगुण और निर्गुण में कुछ भी भेद नहीं है- मुनि, पुराण, पण्डित और वेद सभी ऐसा कहते हैं। जो निर्गुण, अरूप (निराकार), अलख (अव्यक्त) और अजन्मा है, वही भक्तों के प्रेमवश सगुण हो जाता है॥

(क्रमशः...)

# भारत में आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के हो रहे हैं प्रयास

विश्व के कुछ देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हुए दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प विभिन्न देशों को लगातार धमकी दे रहे हैं कि वे इन देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर कर की दर में वृद्धि कर देंगे। दिनांक 4 फरवरी 2025 से कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले उत्पादों के आयात पर 20 प्रतिशत एवं चीन से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का आयात कर लगा दिया है। वैश्विक स्तर पर उक्त प्रकार की उथल पुथल के अतिरिक्त रूस यूक्रेन युद्ध जारी ही है एवं कुछ समय पूर्व तक हमास इजराईल युद्ध भी चलता ही रहा था। वैश्विक स्तर पर उक्त विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारत, अपनी आर्थिक विकास दर को कायम रखते हुए, विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हां, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.3 प्रतिशत क्रमशः के आसपास रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो आगे आने वाले दो दशकों तक आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखना आवश्यक होगा। अतः केंद्र सरकार द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर को इस वित्तीय वर्ष की दो तिमाहियों में दर्ज की गई लगभग 5.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर को 8 प्रतिशत से ऊपर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अभी हाल ही में केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने लोक सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया है। इस बजट के माध्यम से ऐसे कई निर्णय लिए गए हैं जिससे देश की आर्थिक विकास दर पुनः एक बार 8 प्रतिशत से ऊपर निकल जाए। दरअसल, आज देश में उत्पादों की मांग को बढ़ाना अति आवश्यक है जो पिछले कुछ समय से लगातार कम होती दिखाई दे रही है। इसके लिए आम नागरिकों के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध रहे, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे, आयकर की सीमा को वर्तमान में लागू सीमा 7 लाख रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 12 लाख रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया है। साथ ही, आय पर लगने वाले कर की दर को भी बहुत कम कर दिया गया है। इस प्रकार लगभग 1 करोड़ मध्यमवर्गीय करदाताओं को लगभग 1.10 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष का अधिकतम लाभ होने जा रहा है। इस राशि से विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा एवं देश की आर्थिक विकास दर में तेजी दिखाई देगी। हालांकि इससे केंद्र सरकार के बजट पर एक लाख करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। परंतु, फिर भी बजटीय घाटा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अतः देश की वित्तीय स्थिति को सही दिशा दिए जाने के सफल प्रयास हो रहे हैं।

विनिर्माण के क्षेत्र को गति देना भी आज की आवश्यकता है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन भी चलाए जाने का प्रस्ताव है। आज देश में एक करोड़ से अधिक सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग हैं जो 7.5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कर रहे हैं एवं भारत के कुल उत्पादन में 36 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं तथा देश से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी 45 प्रतिशत की भागीदारी इन उद्योगों की रहती हैं। कुल मिलाकर भारत आज अपनी इन कम्पनियों को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता है। भारत में आज निर्यात प्रोत्साहन मिशन को चालू किया जा रहा है ताकि भारत की कम्पनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इसी प्रकार भारत को वैश्विक स्तर पर खिलौना उत्पादन के केंद्र के रूप में विकसित किये जाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। केवल एक दशक पूर्व भारत में खिलौनों का शुद्ध आयात होता था आज भारत खिलौनों का शुद्ध निर्यातक देश बन गया है। पिछले 10 वर्षों में भारत में खिलौनों के निर्यात में 200 प्रतिशत की वृद्धि एवं खिलौनों के आयात में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। भारत ने 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के खिलौनों का निर्यात किया है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है। विशेष रूप से वाराणसी, श्री अयोध्या धाम, उज्जैन एवं महाकुम्भ, प्रयागराज में पर्यटकों के लिए विकसित की गई आधारभूत सुविधाओं के बाद इन सभी शहरों की पहचान धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में पूरे विश्व में कायम हुई है। आज आध्यात्म की ओर पूरा विश्व ही आकर्षित हो रहा है अतः भारत में अन्य धार्मिक केंद्रों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाना चाहिए जिससे विभिन्न देशों के नागरिक भी इन धार्मिक स्थलों पर आ सकें एवं जिससे देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 2,541 करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 850 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई थी। भारतीय पर्यटन उद्योग का आकार 25,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, जो कि बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर पूर्व के राज्यों से लेकर जम्मू एवं कश्मीर तक 50 नए पर्यटन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। यह ऐसे पुराने पर्यटन केंद्र हैं जिनकी पहचान कहीं खो गई है। अब इन पर्यटन केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं को विकसित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। इन केंद्रो पर पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से यातायात के साधनों का विकास किया जाएगा, सर्वसुविधा सम्पन्न होटलों का निर्माण किया जाएगा, एवं इन स्थलों पर अन्य प्रकार की समस्त सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, भारत में मेडिकल पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सकता है क्योंकि विकसित देशों की तुलना में भारत में विभिन्न बीमारियों का उच्चस्तरीय इलाज बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध है। और फिर, भारतीय नागरिकों के डीएनए में ही सेवा भावना भरी हुई है, अतः इन देशों के नागरिकों को भारत में इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर मेडिकल पर्यटन का आकार 13,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। अतः भारत में मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए जा सकते हैं।

इसी प्रकार भारत में सुरक्षा के क्षेत्र में भी अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत अभी तक अपनी सुरक्षा सम्बंधी आवश्यकताओं के लिए सुरक्षा उपकरणों का बड़ी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान का स्पष्ट असर अब दिखाई देने लगा है और भारत आज मिसाईल सहित कई सुरक्षा उपकरणों का निर्यात करने लगा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के बजट में सुरक्षा क्षेत्र के लिए 4.92 लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का आबंटन किया गया है, साथ ही, पूंजीगत खर्चों में भी सुरक्षा क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के बजट का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार, देश में अधोसंरचना को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पूंजीगत खर्चों को भी 11.20 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर रखा गया है। साथ ही, सरकारी उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियां भी अपने पूंजी निवेश को बढ़ाने का प्रयास यदि करती हैं एवं विदेशी कम्पनियों द्वारा किए जाने वाले विदेशी निवेश को मिलाकर पूंजीगत मदों पर खर्चे को 15 लाख करोड़ रुपए की राशि तक ले जाया जा सकता है। इसके लिए देश में ईज आफ डूइंग बिजनेस को अधिक आसान बनाना होगा एवं पुराने कानूनों को हटाकर उद्योग मित्र कानून बनाए जाने की आवश्यकता है।

चूंकि विश्व के कई देशों, विशेष रूप से विकसित देशों, में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है अतः इन देशों में युवाओं की संख्या में कमी के चलते विभिन्न संस्थानों में कार्य करने वाले नागरिकों की कमी हो रही है। अतः भारत को पूरे विश्व में कौशल से परिपूर्ण युवाओं के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। जापान, ताईवान, इजराईल, वियतनाम सहित कई विकसित देशों ने तो भारत से कौशल से परिपूर्ण इंजनीयर्स, डॉक्टर एवं नर्सों की मांग भी की है। आज भारत पूरे विश्व को ही कौशल से परिपूर्ण युवाओं को उपलब्ध कराने की क्षमता रखता है। साथ ही, देश में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित हों, इसके प्रयास भी किए जा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों, यथा, कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (टेक्स्टायल उद्योग, फूटवेयर उद्योग, खिलोना उद्योग, पर्यटन उद्योग, आदि सहित) एवं सेवा क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, स्टार्ट अप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10,000 करोड़ रुपए का विशेष फंड बनाया गया है ताकि स्टार्ट अप को भारत में सफल बनाया जा सके। देश में स्टार्ट अप के माध्यम से भी लाखों नए रोजगार निर्मित हो रहे हैं। इस फंड में केंद्र सरकार एवं निजी क्षेत्र ने मिलकर भागीदारी की है। अभी तक 1,100 से अधिक स्टार्ट अप ने इस फंड का लाभ उठाया है। इसी प्रकार, केंद्र सरकार चाहती है कि वैश्विक स्तर पर भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स (एआई) का केंद्र बने। एआई के क्षेत्र में भारतीय इंजीनियरों में कौशल विकास के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 500 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है एवं इस सम्बंध में 13 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना भी की जा रही है।

देश में हाल ही के समय में सरकारी कम्पनियों की कार्यप्रणाली में बहुत सुधार हुआ है एवं अब इन कम्पनियों की लाभप्रदता में अतुलनीय सुधार दिखाई दिया है और आज यह कपनियां केंद्र सरकार को लाभांश की मद में भारी भरकम राशि प्रदान करने लगी हैं। वरना, एक समय था जब प्रतिवर्ष केंद्र सरकार को इन कम्पनियों को चलायमान रखने के उद्देश्य से भारी भरकम राशि का निवेश करना होता था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारतीय रिजर्व बैंक सहित केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों द्वारा केंद्र सरकार को 2.56 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश प्रदान करने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इसी प्रकार, केंद्र सरकार के कई उपक्रमों द्वारा अपनी संपतियों का मौद्रीकरण किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों द्वारा लगभग 6 लाख करोड़ रुपए की राशि का मौद्रीकरण किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विनिवेश के लक्ष्य को भी बढ़ाकर 47,000 करोड़ रुपए किया गया है जो वर्ष 2024-25 के लिए संशोधित अनुमान के अनुसार 33,000 करोड़ रुपए का था।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक**

## राशिफल

**माघ शुक्ल पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कुटुंबों में वृद्धि होगी। धन का आवक बढ़ेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है, प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सौम्य बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मन अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित है। प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समाचार की प्राप्ति। यात्रा के योग। आर्थिक स्थिति संपन्नता की ओर। प्रेम, संतान व व्यापार अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य , प्रेम व व्यापार अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान व व्यापार अच्छा दिख रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। तरक्की करेंगे नौकरी-चाकरी में। पर्सनल रिलेशन भी अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
प्रेम में नयापन बना रहेगा। बच्चों की सेहत में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
घर में कोई उत्सव हो सकता है। शुभ संस्कार हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान अच्छा।

# आस्था, परंपरा और संस्कृति का महासंगम-महाकुंभ

## सदियों पुरानी परंपरा का जीवंत उत्सव, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

### ●हरिद्वार ●प्रयागराज ●उज्जैन ●नासिक

***भारत की आत्मा का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ 2025, आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कृति और सनातन परंपरा का अद्वितीय संगम है। यह महायोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि भारतीय दर्शन, अध्यात्म और सनातन संस्कृति की गहराई को भी प्रकट करता है। करोड़ों श्रद्धालुओं और संत महात्माओं के आगमन से यह आयोजन एक दिव्य अनुभव में परिवर्तित हो जाता है।***

महाकुंभ का आयोजन हर 12 वर्षों में चार प्रमुख स्थानों पर होता है ङ्क प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), हरिद्वार (उत्तराखंड), उज्जैन (मध्य प्रदेश) और नासिक (महाराष्ट्र)। इसमें स्नान, यज्ञ, प्रवचन, साधना, भजन-कीर्तन और संत-समागम जैसे अनेक धार्मिक अनुष्ठान होते हैं।

हिंदू धर्म के अनुसार, महाकुंभ में गंगा, यमुना, सरस्वती और क्षिप्रा नदियों में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह आयोजन देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन से निकले अमृत के वितरण की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है।

महाकुंभ में सभी 13 अखाड़ों के संत, महामंडलेश्वर, नागा साधु, अघोरी बाबा, वैरागी, किन्नर अखाड़ा और अन्य संप्रदायों के महंत शामिल होते हैं। इनके प्रवचन और आशीर्वाद से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो जाता है।

यह आयोजन केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से भक्तगण यहां पहुंचते हैं। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल, मॉरीशस, थाईलैंड, इंडोनेशिया सहित कई देशों के भक्त इस महासंगम का हिस्सा बनते हैं।

महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता का एक विराट मंच है। यहां केवल स्नान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, ज्ञान, भक्ति और मोक्ष की प्राप्ति का दिव्य अवसर मिलता है।

### विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक मेला

महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला है, जहां लाखों संत, महात्मा, अघोरी, नागा साधु और श्रद्धालु एक साथ धर्म और भक्ति में लीन होते हैं।

### श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं

**सुरक्षा**- पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी
**स्वास्थ्य सेवाएं**- मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस, डॉक्टरों की टीम
**परिवहन व्यवस्था**-विशेष ट्रेनें, बसें और टेंट सिटी
**रहने की सुविधाएं**- धर्मशालाएं, टेंट सिटी, होटल और लॉज
**स्वच्छता अभियान**- गंगा सफाई, पर्यावरण संरक्षण अभियान

## पृष्ठ एक के शेष....

**लापरवाही बरतने...**

भी गंभीरता से नहीं लेते हैं तथा मनमानी करते हैं।

उद्यान विभाग में उपनिदेशक के पद पर कार्यरत राजेन्द्र सिंह पर भी निविदा में अनियमितता बरतने का आरोप लगा है। जिसकी वजह से सीईओ ने उन्हें भी पद से हटाकर कार्मिक विभाग में अटैच कर दिया है। हाल ही में राजेन्द्र सिंह के कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सीईओ ने निदेशक का वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। जबकि कार्यवाही राजेन्द्र सिंह पर होनी थी।

**हाउस में छापा, हरियाणा...**

और 'मैजिक मोमेंट्स' की एक-एक पेटी बरामद हुई। इन पेटियों पर 'फॉर सेल इन हरियाणा ऑनली' लिखा हुआ था।

आबकारी विभाग की टीम ने फार्म हाउस में मौजूद मनोज और संदीप को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि फार्म हाउस के मालिक संदीप द्वारा हरियाणा से शराब लाकर यहां रखी जाती थी और पार्टी की बुकिंग कराने वाले लोगों को ऊंचे दामों पर बेची जाती थी। आबकारी विभाग की टीम ने मौके से हिरासत में लिए गए मनोज और संदीप को थाना नॉलेज पार्क पुलिस के हवाले कर दिया। उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**किशोरी लापता...**

कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

**कार की चपेट में...**

घटनास्थल पर एकत्रित हुए राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलवाकर घायल आकाश दुबे को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक के चाचा विकास चंद्र दुबे ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है।

**स्कूल में बम की...**

यह मैसेज ई-मेल के जरिए आई थी। जिसमें बम होने की सूचना दी गयी है। स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद स्कूल मैनेजमेंट ने सभी बच्चों को उनके घर वापस भेज दिया।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि शिव नादर स्कूल में स्पैम मेल द्वारा बॉम्ब थ्रेट प्राप्त होने पर तत्काल थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस टीम, बॉम्ब स्क्वाड, फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वाड, बीडीडीएस टीम से सभी जगह चेकिंग कराई जा रही है। पुलिस उच्चाधिकारी मौके पर मौजूद है। साइबर टीम द्वारा ई-मेल के संबंध में जांच की जा रही है।

बता दें कि बुधवार को भी चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इस मामले में एक स्कूल के नौवीं के छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**पर्यटन का केन्द्र...**

जिसमें उन्होंने कहा था कि पुष्करिणी तालाब को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाए। साथ ही तालाब तक पहुंचने के लिए पाथ वे का निर्माण किया जाए और पार्किंग का विषेश ध्यान दिया जाए। ताकि आने वाले लोगों को यहां दिक्कत न हो। इस पार्क के निर्माण में करीब 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कंपनी को इसे एक साल में पूरा करना होगा।

**पुलिस ने 'चीता'...**

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए जतिन उर्फ चीता का लंबा आपराधिक इतिहास है। गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट में वांछित होने के कारण गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने उस पर 25,000 रूपये का इनाम घोषित किया था। पकड़ा गया बदमाश लूट और झपटमारी की कई वारदातों को अंजाम देता रहा है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# बलात्कार पीड़िताओं की कांउसलिग करेगा अपराजिता काउंसलिंग सेंटर

## एमिटी सेंटर फॉर फैमली कांउसलिंग एंड सोशियल वेलबिंग हुआ लांच

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय और महिला एवं बाल सुरक्षा प्रकोष्ठ, गौतमबुद्धनगर पुलिस के मध्य ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। आज पारिवारिक विवाद समाधान क्लिनिक (एफडीआरसी) के सफलता पूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, डीसीपी श्रीमती सुनिती, डीसीपी राम बदन सिंह और एमिटी लॉ स्कूल के चेयरमैन डा डी के बंद्योपाध्याय द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय में एमिटी सेंटर फॉर फैमली कांउसलिंग एंड सोशियल वेलबिंग को लांच किया गया। इस अवसर पर एफडीआरसी पर एमओयू नवीनीकरण समारोह का आयोजन भी किया गया।

पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने एमिटी विश्वविद्यालय के सहयोग से पारिवारिक विवाद समाधान क्लिनिक खोला, जो बेहद सफल रहा क्योंकि एमिटी ने विशेषज्ञों की एक टीम उपलब्ध कराई, जिन्होंने शिकायतकर्ताओं को परामर्श दिया और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान में मदद की। दर्ज की गई कुल 200 शिकायतों में से केवल 6 प्रतिशत पर एफआईआर दर्ज की गई और बाकीयों को समाधान बातचीत के जरीए किया गया। ऐसा कोई विवाद नहीं है जिसे परामर्श के माध्यम से हल नहीं किया जा सकता है, और हमें चार्जशीट या एफआईआर दर्ज किए बिना, बातचीत और परामर्श के माध्यम से परिपक्व पुलिसिंग पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। महिला हेल्प डेस्क ने केवल 1-2 बैठकों में विवादों को सुलझाया, जो सराहनीय था और हमारा हेल्प डेस्क एक मशीन की तरह काम कर रहा है। विवादों के समाधान के बाद, हमारी टीम शिकायतकर्ताओं और उनके परिवारों को पूरी सहायता प्रदान करती है, जितनी भी अवधि की आवश्यकता होती है, चाहे वह 6 महीने हो या 1 वर्ष तक उनसे फीडबैक लिया जाता है। भविष्य के रोडमैप को साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि हम 18 वर्ष से कम उम्र के बलात्कार पीड़ितों और उनके माता-पिता के लिए एमिटी के सहयोग से 'ऑपरेशन अपराजिता' शुरू करने और उन्हें चिकित्सा परामर्श और मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान करने की योजना बना रहे हैं। हमें बलात्कार पीड़ितों के मानसिक आघात को संबोधित करने की आवश्यकता है और आघात-केंद्रित और पीड़ित-केंद्रित परामर्श की आवश्यकता है। हम बलात्कार पीड़ितों और उनके परिवारों को पूर्ण सहायता प्रदान करेंगे और यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे कि वे समाज में सम्मान का जीवन जी सकें।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि हम गौतम बुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर सुश्री लक्ष्मी सिंह जी के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने एमिटी के सहयोग से पारिवारिक विवाद समाधान क्लिनिक खोलने का एक भव्य दृष्टिकोण रखा। एमिटी में हम दृढ़ता से मानते हैं कि सामाजिक लाभ के लिए काम करना हमारी जिम्मेदारी है और हम विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग करते हैं, जिसके माध्यम से हम योगदान दे सकते हैं और दुनिया को एक बेहतर जगह बना सकते हैं। हमें खुशी है कि हमारे विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं को पारिवारिक विवादों को सुलझाने में गौतम बुद्ध नगर पुलिस के साथ काम करने का अवसर मिला, जिससे उन्हें अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ाने में मदद मिली। हम गौतम बुद्ध नगर पुलिस के साथ अपना सहयोग जारी रखेंगे और उनके सभी प्रयासों में अपना पूरा समर्थन देना चाहेंगे।

डीसीपी श्रीमती सुनिती ने कहा कि बढ़ते पारिवारिक विवाद को कम करने, कानून प्रवर्तन पर बोझ को कम करने और समाधानोन्मुख पुलिस व्यवस्था के निर्माण हेतु एमिटी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की सहायता से पारिवारिक विवाद समाधान क्लिनिक (एफडीआरसी) को स्थापित किया गया है। हर काउंसलिग पैनेल में विधि, मनोविज्ञान और व्यवहारिक विज्ञान के विशेषज्ञ अनुभवी पुलिस कर्मीयों के साथ होते है जो समस्या का निवारण करते है।

इस अवसर पर पारिवारिक विवाद समाधान क्लिनिक (एफडीआरसी) पर आधारित सहभागीता के नवीनीकरण हेतु एक एमओयू नवीनीकरण समारोह के अंर्तगत इस एमओयू पर पुलिस कमीश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला की उपस्थिती में डीसीपी श्रीमती सुनिती और एमिटी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आर के कपूर ने हस्ताक्षर किये।

इस अवसर पर एमिटी मेडिटेशन एंड कांउसलिंग टीम के सदस्यों और शोधार्थियों को सर्टिफिकेट एंव ट्राफी प्रदान की गई और अतिथियों द्वारा एफडीआरसी रिपोर्ट का विमोचन किया गया।

## वाणिज्यिक भूखंड पर कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 में वाणिज्यिक भूखंड पर अवैध अतिक्रमण करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

अवर अभियंता अंकुर द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम पृथला खंजरपुर में कंपोजिट विद्यालय के समीप स्थित वाणिज्यिक भूखंड पर नेपाल सिंह द्वारा अवैध अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है। नेपाल सिंह आवारा पशुओं की सेवा की आड़ में उक्त भूमि पर अवैध कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है।

इसकी जानकारी मिलने पर उसे कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन उसने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया। नेपाल सिंह उक्त भूमि को अपनी बताकर लोहे के बड़े-बड़े पोल लगाकर वहां निर्माण करने का प्रयास कर रहा था। अधिकारियों ने उसे कई बार पोल हटाने के लिए कहा, लेकिन उसने नहीं हटाए।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखंड पर लगाई गई दीवार पर आरोपी ने अवैध रूप से 'बजरंग गौशाला' लिखकर आम जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद नेपाल सिंह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## जिला कारागार में 17वें दिन क्रिकेट का आयोजन सम्पन्न

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में चल रहे जेल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के सत्रहवें दिन का सेमीफाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, कारापाल संजय कुमार शाही, राजीव कुमार सिंह, सुरजीत सिंह उपकारापाल, श्रीमती ज्ञानलता पाल उपकारापाल, शिशिर कान्त कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जेल वॉरियर और जेल फाइटर के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। जेल फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 12 ओवरों में 125/5 रन बनाए। अमन ने 43 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

ओपनर रोहित कुमार ने 11 गेंदों में 23 रन बनाए। अंतिम ओवरों में टीम को 18 गेंदों पर 40 रन की जरूरत थी, लेकिन जेल अधीक्षक बृजेश कुमार ने 7 गेंदों में 14 रन बनाए, फिर भी टीम 9 रन से मुकाबला हार गई। अब फाइनल में भिड़ंत होगी अब जेल फाइटर फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। दूसरा सेमीफाइनल जेल रॉयल्स और जेल किंग्स के बीच खेला जाएगा।

फाइनल में जेल फाइटर के सामने विजेता टीम होगी। सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जेल प्रशासन और आयोजन समिति ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए शानदार व्यवस्थाएं की।

**खास खबर**

### 3 दिनों में 550 बार कांपी धरती

सेंटोरिनी । ग्रीस के लोकप्रिय पर्यटन स्थल सेंटोरिनी में दो दिनों में 300 बार भूकंप आया। भूकंप के बाद हजारों लोग सेंटोरिनी को छोड़कर भाग गए। इसमें निवासी और पर्यटक दोनों शामिल हैं। हाल के दिनों में 11,000 से अधिक निवासी द्वीप छोड़ चुके हैं। अधिकांश लोग एथेंस में शरण ले रहे हैं और अतिरिक्त सुरक्षा उड़ानों की घोषणा की गई है, जिसमें सेंटोरिनी से एथेंस के लिए 15 उड़ानें शामिल हैं। मंगलवार सुबह 4.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जो सप्ताहांत में दर्ज 4.9 तीव्रता के भूकंप से थोड़ा कम था। यह अब तक का सबसे शक्तिशाली भूकंप था तीन दिनों में सेंटोरिनी में 550 से अधिक भूकंप आ चुके हैं, जिनमें सबसे शक्तिशाली 4.9 तीव्रता का था। 6,000 से अधिक निवासियों ने द्वीप छोड़ दिया है, और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भूकंपीय गतिविधि जारी रह सकती है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

मुंबई। सेल्फी का भूत लोगों खासकर युवाओं पर इतना छाया है कि उन्हें अच्छा बुरा कुछ समझा में नहीं आता। यहां तक कि वह अपनी जान तक जोखिम में डाल लेते हैं। ऐसा ही मामला महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे की पटरियों पर सेल्फी लेने में मशगूल एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस निरीक्षक ने बताया कि यह घटना मंगलवार को अंबरनाथ और बदलापुर रेलवे स्टेशन के बीच एक फ्लाईओवर के नीचे घटी। मृतक की पहचान साहिर अली के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और छुट्टियां मनाने अंबरनाथ इलाके में अपने रिश्तेदार के घर आया था। पुलिस के मुताबिक साहिर मंगलवार को अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ सेल्फी लेने एक फ्लाईओवर के नीचे रेलवे की पटरियों पर गया। सेल्फी लेने में इतना बिजी हो गया कि उसे पीछे आ रही तेज रफ्तार ट्रेन का पता नहीं चला और उसकी चपेट में आ गया। हादसे में साहिर की मौके पर ही मौत हो गई।

### सपा ने उपचुनाव में धांधली को लेकर सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर की जनता ने उपचुनाव में अपना 2022 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मिल्कीपुर के मतदाताओं ने वोटों की बारिश की है। 2022 में हुए अब तक के सर्वाधिक 60.23 फीसद मतदान को पीछे छोड़कर उपचुनाव में 65.35 फीसद मतदान हुआ। यह अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। चुनाव आयोग ने बताया कि मिल्कीपुर विधानसभा में सभी 414 मतदेय स्थलों में मतदान सकुशल संपन्न हुआ। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में सपा के पोलिंग एजेंटों को मतदान कक्ष से बाहर निकाल देने, पुलिस अधिकारियों द्वारा मतदाताओं की आईडी चेक करने, दर्जनों पोलिंग स्टेशनों पर भाजपा द्वारा फर्जी वोटिंग कराने, बीजेपी नेताओं द्वारा चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ निर्वाचन क्षेत्र में घूम-घूम कर चुनाव को प्रभावित करने की शिकायत की।

# बेकाबू रोडवेज बस कार से टकराई, 8 की मौत

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में दूदू क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि हादसे में छह लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब दोपहर करीब 3:45 बजे जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा के पास राजस्थान रोडवेज की बस टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर एक ईको कार से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्थानीय

लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार किसी की जान नहीं बच सकी। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस जयपुर से अजमेर की ओर जा रही थी, जबिक ईको कार अजमेर से जयपुर आ रही थी। इस दौरान मौखमपुरा के पास बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ से आ रही कार से जा टकराई। इस टक्कर में कार पूरी तरह से पिचक गई और उसमें सवार सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी ने बताया कि मृतकों की पहचान दिनेश कुमार पुत्र मदनलाल रेगर, बबलू मेवाड़ा पुत्र मदन मेवाड़ा, किशन पुत्र जानकीलाल, रविकांत पुत्र मदनलाल, बाबू रेगर पुत्र मदनलाल, नारायण निवासी बड़लियास (भीलवाड़ा) और प्रमोद सुथार पुत्र मूलचंद निवासी मुकुंदपुरिया (भीलवाड़ा) के रूप में हुई हैं। एक शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार सभी मृतक भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी क्षेत्र के रहने वाले थे और महाकुंभ में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में बस के तेज रफ्तार और टायर फटना हादसे का मुख्य कारण बताया है।

## 28 ग्राम हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**कठुआ।** जिले में नशीली दवाओं के खतरे और इसके प्रचारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखते हुए कठुआ पुलिस ने दो विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 28 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिसके लिए पुलिस थाना बिलावर और पुलिस थाना हीरानगर में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहला मामला पुलिस थाना बिलावर का है जहां प्रभारी पुलिस पोस्ट रामकोट के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने गलक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति भाग हुसैन पुत्र शुम्मा निवासी गढ़ समना बंज तहसील मजालता जिला उधमपुर को जांच के लिए रोका। जांच के दौरान, उक्त व्यक्ति के कब्जे से लगभग 15.18 ग्राम हेरोइन जैसा नशीला पदार्थ बरामद किया गया और 01 मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई। इस संबंध में पुलिस थाना बिलावर में एफआईआर 15/2025 यू/एस 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू की गई। इसी प्रकार दूसरा मामला पुलिस स्टेशन हीरानगर के झांडी क्षेत्र का है जहां पर एसएचओ पुलिस स्टेशन हीरानगर की देखरेख में पुलिस स्टेशन हीरानगर की एक पुलिस टीम ने झांडी इलाके में गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति गौरव कुमार पुत्र शाम लाल निवासी सुबे चक तहसील हीरानगर को जांच के लिए रोका। जांच के दौरान उक्त व्यक्ति के कब्जे से लगभग 12.79 ग्राम हेरोइन जैसा नशीला पदार्थ बरामद किया गया। इस संबंध में थाना हीरानगर में एफआईआर 15/2025 यू/एस 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## कई राज्यों में तूफानी बारिश का अलर्ट, पहाड़ों पर बर्फबारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में मौसम खराब रह सकता है। गरज के साथ तेज बारिश और आंधी का असर असम और आसपास के इलाकों में दिख सकता है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों में बारिश दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश के मथुरा, आगरा, अलीगढ़ और फिरोजाबाद समेत कई जिलों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है और कई इलाकों में कोहरा छाया हुआ है। फरवरी महीने के शुरू होते ही देश में गर्मी बढ़ने लगी है। कई राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली में भी पारा ऊपर-नीचे हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी के महीने में दिल्ली में कम ठंड देखने को मिली।

वहीं, पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 48 घंटों में लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि बांग्लादेश और असम के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है। इसके चलते असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों में इन इलाकों में गरज-तड़प के साथ तेज बारिश की संभावना है। आने वाले 24 घंटों में भी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। बिहार के भी कई जिलों में बारिश हो रही है, जिससे ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है। दिल्ली में इस बार सर्दियों में बहुत कम बारिश हुई है। हालांकि, फरवरी की शुरूआत में हल्की बूंदाबांदी से मौसम बदल गया है। मौसम विभाग ने 8 फरवरी तक आंधी और हल्की बारिश का अनुमान लगाया है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12।8 डिग्री सेल्सियस रह सकता है, जो सामान्य से 4।4 डिग्री ज्यादा है। दिन में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में हुई बारिश की वजह से हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। चांदनी चौक में कल वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 265 रहा, जबकि आईटीओ पर 232, लोधी रोड पर 132 और श्री अरबिंदो मार्ग पर 228 दर्ज किया गया।

### ओवरटेक करने के दौरान पलटी बस, दो की मौत

**तिरुपुर।** तमिलनाडु के तिरुपुर में चेंगापल्ली के पास एक बस पलट गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा तब हुआ, जब एक निजी बस पुराने तिरुपुर बस स्टैंड से इरोड की ओर जा रही थी। तभी सलेम-कोयंबटूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेंगापल्ली के पास बस चालक ने एक मालवाहक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में बस से नियंत्रण खो दिया और वह अचानक पलट गई। घटना में इरोड के एक निजी कॉलेज के दो छात्र पेरियासामी और हरिकृष्णन की मौत हो गई। जबकि घायल हुए 21 अन्य लोगों को पेरुंदुरई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि हादसे में घायल हुए 21 लोगों में से पांच की हालत गंभीर है।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लाभ लेने वाले झूठों पर शिकंजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त अनाज ले रहे अपात्रों की जांच कर उन पर कार्रवाई करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए खाद्य विभाग ने नया प्लान बनाया है, जिसमें आयकर विभाग की मदद ली जाएगी। आयकर विभाग पीएमजीकेएवाई के तहत अपात्र लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाने के लिए अपने आंकड़ों को खाद्य मंत्रालय के साथ साझा करेगा। पीएमजीकेएवाई के तहत उन गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाता है, जो आयकर का भुगतान नहीं करते हैं। इस योजना के तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, लेकिन ऐसे कई लोग भी हैं, जो योजना के अंतर्गत नहीं आते और सम्पन्न हैं। उन लोगों की जांच कर उन्हें योजना से हटाया जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पीएमजीकेएवाई के लिए 2.03 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जो चालू वित्त वर्ष के 1.97 लाख करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान से अधिक है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को देश में कोविड-19 महामारी से हुए आर्थिक गतिरोधों के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली मुश्किलें कम करने के विशिष्ट उद्देश्य से शुरू किया गया था।

## हाफिज सईद का बेटा कश्मीर को आजाद कराने की खा रहा कसम

एजेंसी

**लाहौर।** साल 2008 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार धमाकों के मास्टरमाइंड आतंकवादी हाफिज सईद के बेटे तल्हा ने लाहौर की एक रैली में किसी भी कीमत पर कश्मीर को भारत से आजाद कराने की कसम खाई है। साथ ही पिता हाफिज की जेल से रिहाई की मांग की है। जनता को संबोधित करते हुए तल्हा ने भारतीय पीएम मोदी को शैतान भी कहा। साथ ही पीएम मोदी पर पिता की छवि खराब करने के भी आरोप लगाए हैं। जमात-उद-दावा का संस्थापक हाफिज सईद को 26/11 मुंबई धमाकों समेत भारत में कई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। उसे कई मामलों में पाकिस्तान की जेल में 78 साल की जसा हुई है। साथ ही 2022 में अतिरिक्त 31 साल की सजा भी सुनाई गई थी। साल 2012 में अमेरिका ने हाफिज सईद पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया था। रिपोर्ट के अनुसार, तल्हा ने मांग की है कि पाकिस्तान सरकार नीति की समीक्षा करे और पिता को रिहा करे। उसने कहा, हाफिज सईद दोषी नहीं है, तो क्यों जेल में सजा काट रहे है? खास बात है कि साल 2024 में पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में तल्हा ने लाहौर की एनए 122 क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

### भारत की जेल में बंद पाकिस्तानी कैदी रिहा

**गोरखपुर।** कराची के मसरूफ उर्फ गुड्डू को 2008 में बहराइच पुलिस ने जासूसी, देशद्रोह, जालसाजी और साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। क्योंकि, सुरक्षा एजेंसियों को संदेह था कि वह भारत में आतंकी संगठनों के लिए सूचना एकत्र कर रहा था। जांच के बाद उसके खिलाफ देशद्रोह और जासूसी का मुकदमा दर्ज किया गया। 2013 में अदालत ने उसे सजा सुनाई। अब गृह मंत्रालय के आदेश के बाद गुड्डू की रिहाई की प्रक्रिया पूरी हुई। जिला जेल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में उसे गोरखपुर से दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास भेजा गया।

## शराब का सेवन किसी भी व्यक्ति के लिए फायदेमंद नहीं

एजेंसी

**लंदन।** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, शराब का सेवन किसी भी व्यक्ति के लिए फायदेमंद नहीं होता। खासतौर से खाली पेट शराब पीना बेहद हानिकारक हो सकता है, क्योंकि इससे लिवर पर सीधा असर पड़ता है। लगातार शराब पीने से लिवर में फैट जमा हो सकता है, सूजन आ सकती है और इसकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। इससे लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि शराब पीते वक्त कुछ हेल्दी चीजें खाना जरूरी होता है, ताकि लिवर पर असर कम हो। शराब के साथ पीनट्स, ड्राई फ्रूट्स,

अंडा, चिकन, पनीर, दाल, नट्स, सलाद, जैतून का तेल, नारियल पानी और फ्रूट्स लेने से शराब के प्रभाव को कम किया जा सकता है। ये खाद्य पदार्थ लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं और हैंगओवर का खतरा कम कर सकते हैं। हालांकि, शराब के साथ तली-भुनी चीजें, चिप्स, नमकीन और अधिक नमक वाली चीजों से बचना चाहिए, क्योंकि ये लिवर पर अधिक दबाव डालते हैं। इसके अलावा, शराब के साथ कोल्ड ड्रिंक्स और शुगरी ड्रिंक्स का सेवन करने से भी नुकसान बढ़ सकता है, क्योंकि ये तेजी से अब्जॉर्ब होते हैं और शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं। डॉक्टरों और डाइटिशियनों की सलाह है कि शराब से दूरी बनाए रखना ही सबसे सही विकल्प है, क्योंकि यह किसी भी एंगल से सेहत के लिए फायदेमंद नहीं मानी जाती। मालूम हो कि शराब पीना सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद दुनियाभर में करोड़ों लोग इसका सेवन करते हैं। हाल के वर्षों में शराब पीने का खतरनाक ट्रेंड बढ़ा है, जिसमें कम उम्र के लोग भी शामिल हो रहे हैं। कुछ लोग इसे एंजॉयमेंट के लिए पीते हैं, जबकि कई इसके आदी हो जाते हैं और रोज शराब पीने लगते हैं।

## पुतिन से बातचीत के लिए तैयार जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि रूस से युद्ध में अब तक 45,100 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। जबकि 390,000 सैनिक घायल हुए हैं। उन्होंने एक यूट्यूब इंटरव्यू में कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि अगर यही एकमात्र तरीका है जिससे हम यूक्रेन में शांति लाकर लोगों को बचा सकते हैं तो हम इसे जरूर अपनाएंगे। हालांकि डायलॉग टेबल में पुतिन के प्रति बहुत निर्दयी रहूंगा। ईमानदारी से कहूं तो मैं उन्हें दुश्मन मानता हूं और वो भी मुझे दुश्मन मानते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति का कहना है कि 3 साल

बाद भी युद्ध के मोर्चे पर अभी भी संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस यूक्रेन जंग को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। जेलेंस्की ने कहा कि मेरा मानना है कि अगर हम डायलॉग की तरफ बढ़ते हैं तो इसमें अमेरिका, यूरोप, यूक्रेन और रूस का शामिल होना जरूरी है। हम यूक्रेन की जमीन पर रूस के किसी भी कब्जे को मान्यता नहीं देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस को हमारी जमीन से बाहर निकालने के लिए पश्चिमी देशों की तरफ से मिला समर्थन पर्याप्त नहीं है। जेलेंस्की का अनुमान है कि 2022 से अब तक रूस के 3.50 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 7 लाख लोग घायल या लापता हैं। हालांकि इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं की गई है। वहीं दूसरी तरफ पुतिन पहले ही जेलेंस्की से बात करने से इनकार कर चुके हैं। जेलेंस्की ने कहा कि वो नहीं चाहते हैं कि रूस पर लग प्रतिबंध हटाए जाएं। इससे आने वाले वक्त में फिर हमले का खतरा बढ़ जाएगा। हमारी टीम वॉशिंगटन के टॉप यूक्रेनी अधिकारी कीथ केलॉग और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज के संपर्क में है।

### यौन शोषण मामले में 3 गिरफ्तार

**कृष्णागिरी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में तीन शिक्षकों ने गुरू-शिष्य के रिश्ते को कलंकित कर दिया है। इन शिक्षकों पर आरोप है कि इन्होंने 13 साल की छात्रा का यौन उत्पीड़न किया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक यह अपराध 2 जनवरी को स्कूल के शौचालय में किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कृष्णागिरी कलेक्टर के हवाले से बताया कि कृष्णागिरी जिले के एक सरकारी मिडिल स्कूल में तीन शिक्षकों ने 13 साल छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। तीनों शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने निलंबित कर दिया है।

## अमेरिका से लौटे अप्रवासियों की मुश्किलें बढ़ी

- परिवार परेशान कैसे चुकाएंगे कर्जा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अमेरिका ने अवैध भारतीयों के खिलाफ एक्शन लिया है। सी-17 विमान से 104 भारतीय अप्रवासियों को भारत वापस भेजा गया है। देश में वापस भेजे गए अप्रवासियों में हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, चंडीगढ़ और यूपी के लोग हैं। इसके बाद भारत वापस लौटे लोगों के परिवारों से बात करने की कोशिश की गई। डिपोर्ट किए गए अजय दीप के दादा ने बताया, उन्होंने 15 दिन पहले ही अजय दीप को अमेरिका भेजा था और अब उसको देश से डिपोर्ट कर दिया गया है। अजय दीप अब भारत आ गए हैं।

अजय दीप अमृतसर कैंट के रहने वाले हैं। अब इन सभी लोगों का बैकग्राउंड चैक किया जाएगा। इस बात की जांच की जाएगी कि यह सभी भारतीय है या नहीं। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए सभी भारतीय अप्रवासियों की अपनी एक कहानी है। जो बताती है कि डंकी रूट के जरिए लाखों रुपये का कर्जा लेकर काम की तलाश में अमेरिका जाना पड़ा। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों में शामिल प्रदीप के माता-पिता को इस बात का दुख है कि प्रदीप को अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया है, वहीं, दूसरी तरफ अब उन्हें उनके ऊपर चढ़े कर्ज का बोझ सता रहा है। घर की छत कच्ची है और बेटे को जमीन बेच कर कर्जा लेकर, अमेरिका भेजा था, लेकिन अब तस्वीर ही बदल गई है।

# वेनेजुएला के राष्ट्रपति का एक और विमान जब्त करेगा अमेरिका

एजेंसी

**डोमिंगो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार के दूसरे विमान को जब्त करने की तैयारी की है। यह विमान अभी डोमिनिक गणराज्य में है। बताया जा रहा है कि इस जब्ती की घोषणा विदेश मंत्री मार्को रूबियो सैंटो डोमिंगो की यात्रा के दौरान करेंगे। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री अफ्रीका में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नहीं जाएंगे। इससे पहले सितंबर 2024 में अमेरिकी सरकार ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के निजी विमान को जब्त कर लिया था। विमान को यह निर्धारित करने के बाद जब्त कर लिया गया है कि

इसकी खरीद अन्य आपराधिक मुद्दों के अलावा अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन है। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा था कि न्याय विभाग ने एक विमान जब्त किया, जिसे लेकर हमारा आरोप है कि इसे एक शेल कंपनी के जरिए अवैध रूप से 1.3 करोड़ डॉलर में खरीदा गया। निकोलस मादुरो और उनके साथियों की ओर से इस्तेमाल के लिए इसे अमेरिका से तस्करी कर लाया गया था। वेनेजुएला के विमान डसॉल्ट फाल्कन 200 का उपयोग मादुरो और उनके सहयोगियों ने ग्रीस, तुर्किये, रूस और क्यूबा समेत कई देशों की यात्रा करने के लिए किया था। इसे ट्रंप प्रशासन अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन मानता है। इस विमान को जब्त करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रूबियो को भंडारण और रखरखाव शुल्क के तौर पर 230,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक का भुगतान करना था। इसके लिए विदेश सहायता रोक छूट अनुरोध पर उनको हस्ताक्षर करने थे। इसके बाद इस अनुरोध पर न्याय विभाग की मंजूरी की आवश्यकता थी। पिछले सप्ताह अनुरोध को न्याय विभाग की मंजूरी मिल गई। पिछले सप्ताह वेनेजुएला ने छह अमेरिकी नागरिकों को रिहा किया था। यह मामला तब सफल हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तहत पूर्व विशेष मिशन दूत रिचर्ड ग्रेनेल ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो के साथ बातचीत की थी। गौरतलब है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की सरकार ने जुलाई के बाद से असंतुष्टों और विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। साथ ही कम से कम नौ अमेरिकियों को हिरासत में लिया था। इन बंदियों पर हिंसक कृत्यों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, लेकिन इस बारे में कोई ठोस प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्वीट किया कि मैं जोहान्सबर्ग में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लूंगा। दक्षिण अफ्रीका बहुत बुरे काम कर रहा है। निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर रहा है। जी-20 का उपयोग एकजुटता, समानता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है।

## अमेरिका के बाद इजरायल ने भी किया यूएनएचआरसी का बहिष्कार

एजेंसी

**यरूशलम।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) से अमेरिका के हटने की घोषणा के बाद इजरायल ने भी परिषद का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन साआर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए, कहा कि इजरायल यूएनएचआरसी में शामिल नहीं होगा और इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ खड़ा है।

गिदोन साआर ने यूएनएचआरसी पर इजरायल के खिलाफ पक्षपात और यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, कि इस परिषद ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के

बजाय एक लोकतांत्रिक देश (इजरायल) पर हमला करने और यहूदी-विरोधी भावना को हवा देने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने आगे बताया कि परिषद ने इजरायल के खिलाफ 100 से अधिक निंदा प्रस्ताव पारित किए हैं, जो अब तक पारित सभी प्रस्तावों का 20 प्रतिशत से अधिक है। यह संख्या ईरान, क्यूबा, ??उत्तर कोरिया और वेनेजुएला के खिलाफ पारित प्रस्तावों से भी अधिक है।

## खास खबर

टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

इन्दौर। गीता रामेश्वर ट्रस्ट के तत्वाधान में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री स्व. रामेश्वर पटेल जी की स्मृति में अधिवक्ताओं के लिए दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूनार्मेंट 8 और 9 फरवरी 2025 को इन्दौर के आर-9 क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम अंबामोलिया, विद्या सागर स्कूल के पास आयोजित होगा। कुल 34 टीमों का चयन किया गया है, जिसमें 2 टीम महिला अधिवक्ताओं की है। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल, सचिव चेतन चौधरी एवं मदन परमालिया ने बताया कि 8 फरवरी (शनिवार) और 9 फरवरी (रविवार) 2025 को आर-9 क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम अंबामोलिया, इन्दौर पर दो दिवसीय अधिवक्ता क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन केवल पहले 34 टीमों का किया गया है। प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी हैं, जो सभी अधिवक्ता है।

### अभिषेक की बल्लेबाजी से गुरुकुल ने जीता मैच

**लखनऊ।** अंडर-25 करीम चिश्ती मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने सिद्धार्थ ग्लोबल क्लब को 211 रन से मात दे दी। इस मैच में अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 70 बाल पर 102 रन बनाये।

गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट गवांकर 327 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवांश सिंह मात्र 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 11 चौका और छह छक्का की मदद से 70 बाल पर 102 रन जड़े। अभिषेक यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौका और दो छक्का की मदद से 52 बाल पर 60 रन बनाये। अभिषेक यादव ने शानदार गेंदबाजी भी की और मात्र दो रन देकर तीन विकेट झटक लिये। उत्कर्ष वर्मा ने छह चौका और दो छक्का की मदद से 40 बाल पर 56 रन बनाये। आदित्य ने 38 रन का योगदान दिया। सिद्धार्थ ग्लोबल की पूरी टीम 116 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और गुरुकुल ने 211 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में हर्षित ने सबसे अधिक 33 रन बनाये।

### कैच पकड़ने के प्रयास में प्रशंसक गिरा

**सेंचुरियन ।** सनराइजर्सस ईस्टर्न कैप दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग के फाइनल में पहुंच गयी है। इस टीम ने पहले प्लेऑफ मुकाबले में जोबर्ग सुपर किंग्स को 32 रनों से हराया। इस दौरान एक ऐसा भी अवसर आया जब एक प्रशंसक ने कैच पकड़ने के प्रयास में एक महिला की जान को खतरे में डाल दिया। इस मैच में सनराइजर्सस ईस्टर्न कैप की पारी के दौरान तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर टोनी डी जॉर्जी ने हवा में एक शॉट खेला। ये शॉट सीधा कवर बाउंड्री को पार कर स्टैंड्स में जा गिरा। तभी वहां बैठे एक प्रशंसक ने एक हाथ से गेंद को कैच करने का प्रयास किया और इस दौरान वह अपना संतुलन खो बैठा और सीधा पीछे बैठी महिला के पैरों में जाकर गिरा। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया है, जिसपर प्रशंसकों ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं।

# राष्ट्रीय खेल: तीरंदाजी टीमों का रहा चमकदार प्रदर्शन

## झारखंड की झोली में अब तक 5 स्वर्ण , 4 रजत, 6 कांस्य समेत कुल 15 पदक

- झारखंड लॉन बॉल पुरुष टीम ने अपने 02 पदक किए पक्के
- तीरंदाजी में 02 स्वर्ण, 01 रजत एवम 02 कांस्य पदक

एजेंसी

**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में तीरंदाजी की टीमों का चमकदार प्रदर्शन रहा जिसके बदौलत झारखंड को 02 स्वर्ण,01 रजत एवम 02 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वही हॉकी टीम ने भी चमकदार प्रदर्शन कर दूसरे लीग मैच में मणिपुर को पराजित कर दिया। लॉन बॉल की 04 टीमों ने भी अपने पहले राउंड का मैच जीत पदक की आस जगाई झारखंड के लिए 02 पदक हुए पक्के। तीरंदाजी महिला एकल मुकाबले में दीपिका कुमारी ने बिहार की आशिका कुमारी को को हराकर स्वर्ण पदक जीती। पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम में गोल्डी मिश्रा ,विष्णु चौधरी श्रेय भारद्वाज,गुरु चरण बेसरा ने की चौकड़ी ने उत्तर प्रदेश को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम दीपिका कुमारी ,अंकिता भगत,कोमलिका बारी, तमन्ना वर्मा को महाराष्ट्र से हार कर रजत पदक पदक से संतोष करना पड़ा। कोमोलिका बारी ने महाराष्ट्र की गाथा खड़के को हराकर कांस्य पदक जीती। तीरंदाजी मिक्स टीम में दीपिका कुमारी एवं गोल्डी मिश्रा की जोड़ी को पश्चिम बंगाल से हार कर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा । झारखंड की झोली में अब तक 05 स्वर्ण , 04 रजत, 06 कांस्य समेत कुल 15 पदक प्राप्त हुआ।

### कर्नाटक 54 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार

**देहरादून ।** उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के नौवें दिन के पदक तालिका में कर्नाटक ने 54 पदकों के साथ शीर्ष पर बरकरार है। कर्नाटक ने अब तक 28 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य पदक जीते हैं। दूसरे स्थान पर सर्विसेज है, जिसने कुल 46 पदक (27 स्वर्ण, 10 रजत, 9 कांस्य) अपने नाम किए हैं। मध्य प्रदेश 34 पदकों (17 स्वर्ण, 7 रजत, 10 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र 82 पदकों के साथ सर्वाधिक कुल पदक जीतने वाला राज्य है, लेकिन इसमें स्वर्ण पदकों की संख्या 16 होने के कारण वह चौथे स्थान पर है। हरियाणा 51 पदकों के साथ पांचवें और तमिलनाडु 44 पदकों के साथ छठे स्थान पर बना हुआ है। मणिपुर, दिल्ली, केरल और पंजाब शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। मेजबान राज्य उत्तराखंड अब तक कुल 33 पदक (4 स्वर्ण, 14 रजत, 15 कांस्य) जीत चुका है और वह पदक तालिका में 15वें स्थान पर है। राष्ट्रीय खेल के दौरान खिलाड़ियों का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, और आने वाले दिनों में पदक तालिका में और बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

## झारखंड महिला हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी

**रांची ।** गुरुवार को दूसरे मैच में हॉकी मणिपुर को 7-0 से पराजित की, जबकि अपने पहले मैच में मेजबान उत्तराखंड को 2-0 से पराजित की थी। 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक देवभूमि हरिद्वार, उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम का आज अपने दूसरे में हॉकी मणिपुर को 7=0 से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की, इस मैच प्रमोदनी लकड़ा और रोशनी आइंद ने दो दो गोल की जबकि अलबेला रानी टोप्पो, दिप्ती टोप्पो और संजना होरो ने एक एक गोल की। इससे पूर्व अपने पहले मैच में मेजबान उत्तराखंड को झारखंड टीम 2=0 से पराजित कर चुकी है। झारखंड की लगातार जीत पर खेल विभाग झारखंड सरकार, झारखंड ओलंपिक संघ एवम हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

## घुटने में दर्द के कारण विराट नहीं खेले : रोहित

एजेंसी

**नागपुर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय क्रिकेट मैच में विराट कोहली के नहीं खेलने का कारण बताया है। रोहित ने कहा कि कोहली को मैच से एक रात पहले घुटने में परेशानी हो गई थी जिसके कारण उन्हें आराम दिया गया है। ऐसे में इस मैच में यशस्वी जायसवाल को अवसर दिया गया है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में काफी रन बनाये हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज हर्षिणा राणा को भी शामिल किया गया है। रोहित ने कहा कि हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे, इसलिए टॉस हारने से भी कोई खास फर्क नहीं पड़ता। शुरूआत में गेंद के साथ आक्रामक होने की जरूरत है और फिर बाद में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। वहीं विराट को कुछ समय के लिए आराम मिलना अच्छा है उनके घुटने में भी हल्का दर्द है। यह एक नई शुरूआत है और टीम के पास चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल करने का ये अवसर है।

## द हंड्रेड: एसआरएच ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी खरीदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी हासिल कर ली है। यॉर्कशायर काउंटी द्वारा संचालित टीम के लिए विजयी बोली 100 मिलियन जीबीपी है। यह इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा बेची गई छठी हंड्रेड फ्रेंचाइजी है और मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के बाद एसआरएच तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइजी है, जिसने 100 गेंदों की प्रतियोगिता में एक टीम हासिल की है। पिछले कुछ दिनों में इंग्लिश बोर्ड ने लंदन स्पिरिट, ओवल इनविंसिबल्स, वेल्श फायर, मैनचेस्टर ओरिजिनल्स और बर्मिंघम फीनिक्स को बेच दिया है। दो और टीमें - ट्रेंट रॉकेट्स और सदर्न ब्रेव - बिक्री के लिए तैयार हैं। चेन्नई स्थित सन ग्रुप द्वारा प्रबंधित सनराइजर्स, फ्रेंचाइजी क्रिकेट के क्षेत्र में पुरानी है। वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हैदराबाद स्थित टीम हैं और एसए 20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न केप उनकी एक टीम है। वर्तमान में आईपीएल में उनका नेतृत्व पैट कमिंस कर रहे हैं, जो यकीनन सबसे सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कप्तानों में से एक हैं।

### कोएत्जी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए

**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण 2025 आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गये हैं। कोएत्जी के बाहर होने से दक्षिण अफ्रीकी टीम को करार झटका लगा है क्योंकि एक अन्य तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया पहले ही पीठ के दर्द के कारण बाहर हो गये थे। कोएत्जी के उनकी जगह लेने की उम्मीद थी पर अब वह स्वयं ही बाहर हो गये। कोएत्जी को गत दिवस गेंदबाजी करते समय ग्रोइन में खिंचाव महसूस हुआ जिसके बाद ही वह त्रिकोणीय सीरीज के साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। कोएत्जी इससे पहले हैमस्ट्रिंग एंजरी के कारण एसए20 से भी बाहर हो गये थे। दक्षिण अफ्रीकी चयन समिति टीम को उम्मीद थी कि वह 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार हो जाएंगे।

## ट्रैक साइक्लिंग में हरियाणा, कर्नाटक और अंडमान का जलवा

एजेंसी

**रुद्रपुर।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत शिवालिक वेलोड्रोम, रुद्रपुर में ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न श्रेणियों में देशभर के साइक्लिस्टों ने अपनी गति, तकनीक और रणनीति से दर्शकों को रोमांचित किया।

महिला एलीट टीम परसूट (4 किमी) स्पर्धा में हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। हिमांशी सिंह, परुल, अंशु देवी और मीनाक्षी की चौकड़ी ने 5.26.920 मिनट का समय निकालते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। ओडिशा (5.30.423) की टीम को रजत पदक और महाराष्ट्र (5.32.643) की टीम को कांस्य पदक मिला।

पुरुष एलीट टाइम ट्रायल (1 किमी) में अंडमान व निकोबार के डेविड बेकहम ने 1.06.535 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के देवेंद्र बिश्नोई (1.06.644) ने रजत और मणिपुर के यांगलेम रोजित सिंह (1.07.874) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला एलीट केरिन (5 लैप्स) स्पर्धा में कर्नाटक की कीर्ति रंगास्वामी सी ने तेज रफ्तार और जबरदस्त तकनीक के दम पर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की श्वेता बालू गुंजाल को रजत और तमिलनाडु की श्रीमति जे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पुरुष एलीट टीम परसूट (4 किमी) में सर्विसेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। महेंद्र सरन, मनजीत सिंह, साहिल कुमार, दिनेश कुमार और राधा किशन गोदरा की टीम ने 4.33.362 मिनट का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। पंजाब (4.40.076) की टीम को रजत और राजस्थान (4.45.102) की टीम को कांस्य पदक मिला।

तीसरे दिन की इन शानदार प्रतियोगिताओं के बाद ट्रैक साइक्लिंग स्पधाओं के अगले मुकाबलों को लेकर दर्शकों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

## अभिषेक और यशस्वी से प्रतिस्पर्धा नहीं चल रही : शुभमन



एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि यशस्वी जायस्वाल और अभिषेक शर्मा से उनकी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं चल रही। शुभमन ने कहा कि ये दोनो ही उनके उनके अच्छे दोस्त हैं और वह हमेशार इनका अच्छा ही चाहेंगे। वह उम्मीद करते हैं कि जब भी वे खेलें तो देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करें। अभिषेक अभी टी20 के सबसे अच्छे सलामी बल्लोज है जबकि यशस्वी टेस्ट वहीं शुभमन एकदिवसीय में तो अच्छे हैं पर अन्य दोनो प्रारुपों में कमजोर हैं। शुभमन को भविष्य का कप्तान माना जाता है पर एकदिवसीय के अलावा अन्य प्रारूपों में उनका फॉर्म अच्छा नहीं रहा है। वहीं शुभमन ने कहा कि जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं, तो आप हर मैच में प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप वास्तव में यह नहीं सोचते हैं कि यह लड़का प्रदर्शन न करे या काश वह न करे। आप इन चीजों के लिए नहीं खेल रहे होते। आप देश का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। इसलिए जो भी अच्छा करता है, आप उसके लिए अच्छा महसूस करते हैं और आप उसे बधाई देते हैं। वहीं शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार को लेकर टीम का बचाव करते हुए कहा कि एक खराब श्रृंखला टीम को परिभाषित नहीं करती है और लंबे अंतराल के बाद इस तरह के खराब प्रदर्शन के बाद किसी टीम की आलोचना करना सही नहीं है। भारत को ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस सीरीज में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ ही शुभमन भी असफल रहे थे। उन्होंने माना कि टीम ऑस्ट्रेलिया में अपनी उम्मीदों के मुताबिक खेलने में विफल रहे।

## झारखंड राज्य कुश्ती टीम उत्तराखंड रवाना

एजेंसी

**रांची ।** 38वीं राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड-2024 के लिए 15 सदस्यी, झारखंड राज्य कुश्ती टीम आज राँची से उत्तराखंड रवाना हुई। 9 से 13 फरवरी तक हरिद्वार उत्तराखंड मे आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेल मे भाग लेने के लिए झारखंड कुश्ती टीम के 15 सदस्यों दल, आज राँची से हरिद्वार, उत्तराखंड के लिए रवाना हुई। इस कुश्ती टीम का 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 जनवरी 2025 से 6 फरवरी तक खेलगांव होटवार रांची में, झारखंड ओलंपिक संघ, खेल विभाग झारखंड सरकार एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष- जीशान कमर(भाप्रसे) , खेल सचिव- मनोज कुमार (भाप्रसे), खेल निदेशक- संदीप कुमार(भाप्रसे) अभिभावक-के रवि कुमार (भाप्रसे), हमारे मार्गदर्शक- भोलानाथ सिंह, महासचिव- रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, एवं सभी जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष/ सचिव, एवं खेल विभाग झारखंड सरकार तथा झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किया।

# धवन की कप्तानी में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलेंगे रॉस टेलर

एजेंसी

**रायपुर।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से लीजेंड 90 लीग की शुरूआत हो रही है। इस नए और रोमांचक 90 गेंदों के प्रारूप वाले टूनार्मेंट के उद्घाटन मुकाबले में दिल्ली रॉयल्स और छत्तीसगढ़ वॉरियर्स आमने-सामने होंगे।

दिल्ली रॉयल्स टीम की कमान अनुभवी भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन के हाथों में होगी। उनके साथ न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर, वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज लेंडल सिमन्स, श्रीलंका के दनुश्का गुनाथिलका समेत कई अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा होंगे।

रॉस टेलर ने भारत में खेलने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर

की। उन्होंने कहा, ₹मुझे भारत में खेलना हमेशा पसंद आया है। यहां की ऊर्जा अलग होती है और इस बार लीजेंड 90 लीग का अनूठा प्रारूप इसे और भी रोमांचक बनाएगा। टेलर ने इस नए 90 गेंदों के प्रारूप को लेकर कहा, टी20 पहले से ही तेज प्रारूप है, लेकिन 90 गेंदों की यह लीग और भी तेज होगी। इसमें बल्लेबाजों को परिस्थितियों को जल्दी समझकर तेजी से रन बनाने होंगे, जबकि गेंदबाजों को अलग रणनीति अपनानी होगी। टेलर ने शिखर धवन की कप्तानी में खेलने को लेकर भी उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹मैंने शिखर के साथ कई बार अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में आमने-सामने मुकाबले खेले हैं, लेकिन पहली बार उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना शानदार अनुभव होगा। मैं अपनी टीम और कप्तान के लिए 100% देने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। दिल्ली रॉयल्स के ऑलराउंडर बिपुल शर्मा ने 90-बॉल फॉर्मेट को लेकर कहा, ₹यह एक दिलचस्प और अनूठा प्रारूप है। यह पारंपरिक 10 या 20 ओवरों के प्रारूप से अलग होगा और इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना जरूरी होगा।

उन्होंने टीम के संतुलन पर बात करते हुए कहा, ₹हमारे पास शिखर धवन और रॉस टेलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिनसे युवा खिलाड़ियों को सीखने का शानदार अवसर मिलेगा। हम एकजुट होकर खेल का मजा लेंगे और अपनी रणनीति को सही ढंग से लागू करेंगे।₹

**दिल्ली रॉयल्स टीम**

शिखर धवन (कप्तान), लेंडल सिमन्स, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, दनुश्का गुनाथिलका, शरद लुम्बा, बिपुल शर्मा, सुमित नरवाल, परविंदर अवाना, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, पुनीत बिस्ट, अनुरीत सिंह, एंजेलो परेरा, प्रवीन गुप्ता।

लीजेंड 90 लीग का पहला मुकाबला शाम 7 बजे से दिल्ली रॉयल्स और छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा, जहां प्रशंसकों को रोमांचक क्रिकेट का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

ब्रिटेन में न्यूकास्टल और आर्सिनल क्लब के साथ मुकाबले में खेलते हुए खिलाड़ी।

# अब अपनी हॉबी को ही बना सकते हैं करियर ऑप्शन

आज के समय में जॉब करना आसान नहीं रह गया है। यह काम तब और मुश्किल हो जाता है, जब किसी का प्रोफेशन और हॉबी अलग-अलग हो। जिसके कारण आजकल कई लोग जॉब तो कर रहे हैं, लेकिन वे उन जॉब्स से खुश नहीं हैं। पैसा कमाने के लिए जॉब करना और अपने पैशन को फॉलो करके उसमें आगे जाना दोनों बहुत अलग बात हैं। फिर चाहे उसमे पैसे थोड़े कम क्यों न हो।

फोटोग्राफी, राइटिंग, म्यूजिक, डांस, सिंगिंग, कुकिंग, पेंटिंग समेत कई ऐसी हॉबी होती हैं, जिन्हे आप फुल टाइम करियर में बदल सकते हैं। सोचिये जो काम आपको सबसे ज्यादा पसंद है और आपकी हॉबी है, उसे आप अलग से समय निकाल कर करते हैं, अगर इसी हॉबी को अपना प्रोफेशन बना लें तो कितना अच्छा रहेगा। अगर आप भी अपनी हॉबी को करियर का रूप देना चाहते हैं, तो यहां पर दिए गए 7 टिप्स को फॉलो कर सकते हैं।

### सबसे पहले रिसर्च करें

अपनी हॉबी को प्रोफेशन में बदलने के लिए सबसे पहले जो काम आपको करना है वो है रिसर्च। किसी भी हॉबी के बारे में आपको पूरी जानकारी होनी चाहिए। आपको पता लगाना है कि क्या आपकी हॉबी फुल टाइम करियर बना सकती है या नहीं। उसमें जॉब और करियर के क्या अवसर हैं और उस क्षेत्र में कितने लोग काम कर रहे हैं और कितने अनुभव की जरूरत पड़ती है।

### सही फीडबैक लें

कोई भी व्यक्ति अपने काम को जज नहीं कर सकता और न ही आपका परिवार या दोस्त आपकी इसमें मदद कर सकते हैं। किसी भी काम को शुरू करने से पहले गाइडेंस के लिए जरूरत होती है एक अनुभवी प्रोफेशनल की जो आपका मेंटर बने। हमेशा याद रखें कि काम शुरू करने से पहले अपनी हॉबी के बारे में अपने मेंटर से ईमानदार फीडबैक लेना बिल्कुल ना भूलें।

### शुरू से शुरुआत करें

यह बात पहले ही अपने मन में बैठा लें कि जब आप कोई करियर स्विच करेंगे तो हो सकता है कि आपको नीचे से ही शुरू करना पड़े। आप अपनी जॉब में फिलहाल ऊंची पोस्ट पर हों, लेकिन आपको नये करियर में नीचे से ही शुरू करना होगा। इसलिए अपनी तैयारी पहले से ही पूरी कर लें।

### पुरानी स्किल्स का इस्तेमाल

आपके पुराने और नये करियर में भले ही कोई समानताएं न हों। लेकिन फिर भी हर जगह से हम कुछ न कुछ स्किल्स तो सीखने को मिलती ही हैं। ऐसी कई स्किल होती हैं, जो हर फील्ड में काम आती हैं। जैसे अगर आप किसी कंपनी के सेल्स डिपार्टमेंट में काम कर रहे हैं और पेंटिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आपकी मार्केटिंग स्किल यहां भी काम आएगी। इसलिए ध्यान रखें कि सभी स्किल का इस्तेमाल अपने नये करियर में करें।

### अपनी फील्ड के एक्सपर्ट बनें

अपनी हॉबी में करियर बनाने से पहले आप उस फील्ड से जुड़े लोगों से संपर्क बनाएं। अपनी नॉलेज और स्किल्स को बढ़ाएं, एक अच्छा नेटवर्क बनाएं। यह आपको आगे बढ़ने में मदद करेगी। आपको उस फील्ड में सबसे बेहतर बनाने की कोशिश करें।

### अपने काम को मोनेटाइज करें

प्रूफ ऑफ कंसेप्ट एक बिजनेस टर्म है जिसका इस्तेमाल उन उद्यमियों के द्वारा किया जाता है जो फंडिंग की तलाश में होते हैं। आपको भी अपने लिए फंडिंग का इंतजाम करना चाहिए। क्योंकि किसी भी काम के लिए आर्थिक सुविधा बहुत जरूरी है। अगर वह नहीं रहेगा तो आप आगे भी नहीं बढ़ पाएंगे। इसलिए अपने काम से पैसे कमाने की कोशिश करें। आप चाहे तो आपकी स्किल को ऑनलाइन सिखा सकते हैं, एक्सपर्ट लेक्चर ले सकते हैं। या फिर खुद की वर्कशॉप भी लगा सकते हैं।

### इस तरह बदले अपने पैशन को प्रोफेशन में

जब आपके मन में अपने पैशन को प्रोफेशन बनाने का विचार आए तो सबसे पहले अपने सभी हॉबी की लिस्ट बनाएं। मान लीजिये आपकी तीन हॉबी हैं। आपको लिखने का शौक हैं, फोटोग्राफी और पेंटिंग का भी शौक है। अब एक- एक हॉबी पर विचार कीजिए और उसके साथ कुछ दिन जी कर देखें। इससे आपको अपने आप ही मालूम हो जायेगा कि किस काम को लेकर आप ज्यादा बेहतर हैं और वह कार्य करते हुए आपको ज्यादा खुशी मिलती है।




# स्क्रिप्ट राइटिंग में करियर

**यदि आप लेखन में दक्षता रखते हैं और आपको किताबें पढ़ने में भी गहरी रुचि है तो स्क्रिप्ट राइटर के तौर पर आप अपने शौक को करियर का रूप भी दे सकते हैं। जो युवा लिखने-पढ़ने के साथ मानवीय संवेदनाओं को पकड़ कर अभिव्यक्त करने की क्षमता रखते हैं उनके लिए भी इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।**

### कार्यक्षेत्र

विज्ञापनों के लिए स्क्रिप्ट राइटर्स की सेवाएं विशेष तौर पर ली जाती हैं। अक्सर विज्ञापनों में ऐसे शब्दों या पंक्तियों का इस्तेमाल किया जाता है जो लोगों की जुबान पर चढ़ जाती हैं। ये सब स्क्रिप्ट राइटर के दिमाग की ही उपज होते हैं। ऐसी रोचक बातों को जिंगल्स कहा जाता है।
बेशक स्क्रिप्ट राइटर का काम सिर्फ जिंगल लिखना ही नहीं होता बल्कि और कई चीजें हैं जो स्क्रिप्ट राइटर करते हैं लेकिन अधिकतर की शुरूआत जिंगल्स से ही होती है।
जाहिर है कि स्क्रिप्ट राइटिंग कहानियां और कविताएं लिखने से कुछ अलग होता है क्योंकि स्क्रिप्ट में लिखी गई हर बात का फिल्मांकन किया जाता है इसीलिए लेखक को यह सोचकर लिखना पड़ता है कि उसके द्वारा लिखी गई स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं देखी जाएगी।

### कौशल

इसमें क्षेत्र में करियर बनाने के लिए छात्रों में रचनात्मकता का होना आवश्यक है। कम शब्दों में आपको उत्पादों की विशेषताओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होता है। विज्ञापनों के लिए ऐसी जिंगल्स की रचना करनी पड़ती है कि सुनते या पढ़ते ही वह ग्राहक के जेहन में आ जाए। वैसे कोई डिग्री कोर्स तो नहीं होता पर ये जर्नलिज्म के अंतर्गत आता है।
कल तक विज्ञापन ग्राहकों की संतुष्टि के लिए बनाए जाते थे लेकिन आज जो विज्ञापन आ रहे हैं वे ग्राहकों के संतोष के साथ उसकी खुशी और मनोरंजन को भी महत्व दे रहे हैं। मानवीय भावनात्मक पक्षों को छूते विज्ञापन न सिर्फ देर तक याद रहते हैं बल्कि मन पर भी गहरा असर छोड़ते हैं।
जिस भी भाषा में आप स्क्रिप्ट राइटिंग करना चाहते हैं उसका गहन ज्ञान आपको होना चाहिए। आपको अधिक से अधिक पुस्तकों को भी पढना चाहिए ताकि आपको विभिन्न लेखकों की शैली की जानकारी भी प्राप्त हो सके। साथ ही फिल्मों तथा धारावाहिकों की स्क्रिप्ट पर गौर करने की आदत भी डाल लें। इसके बाद आप स्क्रिप्ट लेखन में हाथ आजमाएं।

### योग्यता

स्क्रिप्ट राइटिंग में सबसे अहम जरूरत रचनात्मकता की होती है जो पूर्णत- व्यक्ति की विश्लेषण और कल्पना क्षमता पर आधारित होती है लेकिन फिर भी इसके लिए पत्रकारिता का कोर्स कर लिया जाए तो बेहतर होता है। किसी भी विषय में 12वीं कक्षा पास करने के बाद पत्रकारिता में ग्रैजुएशन कर सकते हैं। जो छात्र ग्रैजुएशन कर चुके हैं वे किसी प्रतिष्ठित संस्थान से पत्रकारिता में एम.ए. भी कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
एमिटी स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, नई दिल्ली
इंडियन इंस्टी. आफ मास कम्युनिकेशन नई दिल्ली
जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश
माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश।

भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

# लाभदायक करियर इमेज कंसल्टिंग

इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को अपने भीतर छुपी क्षमताओं को निखारने और साथ ही साथ उन क्षमताओं को सभी के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए अपनी अपीयरैंस (दिखावट) के प्रबंधन हेतु मार्गदर्शन किया जाता है। इमेज कंसल्टिंग के तहत लोगों को परिधान पहनने व तैयार होने के ढंग, बॉडी लैंग्वेज, शिष्टाचार एवं सॉफ्ट स्किल्स के बारे में शिक्षित किया जाता है। इमेज कंसल्टैंट व्यक्तिगत रूप से तथा समूह में कोचिंग प्रदान करते हैं। वे किसी एक व्यक्ति अथवा कम्पनियों को अपनी सेवाएं देते हैं। वे लोगों के लिए मुक्त कार्यशाला भी आयोजित करते हैं। इस क्षेत्र से जुड़े कार्यों में पर्सनल शॉपिंग, यूनिफॉर्म डिजाइन, इमेज मैनेजमैंट, पॉलिसी डिजाइन, स्टाइलिंग आदि भी शामिल हैं। भारत में लगातार बढ़ती जा रही प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी इमेज मैनेज करना भी एक अहम जरूरत बन चुकी है। अधिक से अधिक लोग अब इस जरूरत को महसूस कर रहे हैं जिस वजह से देश में इमेज कंसल्टैंट की सेवाओं की मांग में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।
यह ऐसा करियर है, जिसमें व्यक्ति अन्य लोगों के विकास का मुख्य सहयोगी बनता है तथा अन्य लोगों को और अधिक सफल बनाने से उसे सफलता मिलती है। यह क्षेत्र उन महिलाओं को करियर बनाने का दूसरा मौका देता है जिन्होंने कुछ समय के लिए अपने पहले करियर को छोड़ रखा हो। इमेज कंसल्टिंग बिजनैस इंस्टी. भारत में इमेज कंसल्टैंसी की शिक्षा तथा प्रशिक्षण देने वाला अग्रणी संस्थान होने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान इमेज कंसल्टिंग एवं बिजनैस प्रोग्राम संबंधी अनोखे पेशेवर कोर्स करवाता है। इस संस्थान की डायरैक्टर सुमन अग्रवाल भारतीय उपमहाद्वीप की वरिष्ठतम इमेज कंसल्टैंट मानी जाती हैं। उनकी कहानी भी एक उत्तम प्रेरणा स्रोत है। उन्हें कॉलेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ी थी परंतु आज वह एक सफल उद्यमी तथा इस संस्थान की डायरैक्टर हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने 2009 में की। यूनाइटेड किंगडम स्थित फैडरेशन ऑफ इमेज प्रोफैशनल इंटरनैशनल द्वारा उन्हें इमेज मास्टर अवार्ड से नवाजा गया जिससे वह भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वाधिक वरिष्ठ इमेज कंसल्टैंट बन गईं। इमेज कंसल्टिंग में पहनावे के महत्व पर वह कहती हैं, ''80 प्रतिशत से अधिक संवाद दृश्य होता है और पहनावा इसका सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भी आप किसी से मिलते हैं तो व्यक्ति का सबसे अधिक ध्यान सामने वाले के पहनावे पर ही जाता है। हालांकि यह बताना जरूरी है कि पहनावे के संबंध में कौशल एक इमेज कंसल्टैंट के पास होता है, वह सर्वश्रेष्ठ फैशन डिजाइनर समेत किसी अन्य पेशेवर के पास नहीं हो सकता है। महत्व बढिया परिधानों का नहीं होता, बल्कि उस संदेश का होता है जो आप अपने पहनावे से सामने वाले को देना चाहते हैं। सही पहनावे को सुनिश्चित बनाने के लिए व्यक्ति को अपने काम, लक्ष्यों एवं मौके का ध्यान रखने के अलावा आकर्षक दिखने के लिए अपने शारीरिक ढांचे, रंग-रूप, चेहरे के आकार आदि पर भी गौर करना पड़ता है।'' उनके अनुसार इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए यह एक उत्तम एवं बेहद लाभदायक करियर साबित हो सकता है।

# पत्राचार शिक्षा से बदलती युवाओं की तकदीर

**आज सभी विषयों में ग्रैजुएशन तथा मास्टर डिग्री कोर्स के अलावा अनेक सर्टीफिकेट कोर्स एवं डिप्लोमा भी पत्राचार माध्यम से दूरस्थ शिक्षा के रूप में उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को सभी संबंधित विषयों का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना होता है। अधिकतर पत्राचार पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाते हैं और इनमें सभी विषय-विधाओं के 10+2 छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।**

कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश एक चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। पत्राचार शिक्षा ने हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन ला दिया है। पत्राचार माध्यम से अध्ययन करने वाले छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों का सहारा भी दिया जा रहा है। उपग्रह संचार, लो पावर ट्रांसमीटर्स की सहायता एवं सूचना सुपर-हाइवेज के माध्यम से देश भर में शिक्षा का प्रसार हो रहा है।
देश में अनेक मुक्त विश्वविद्यालय तथा उससे भी अधिक नियमित विश्वविद्यालय तथा कई अन्य संस्थाएं दूरस्थ अध्ययन कार्यक्रम चलाते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति कई श्रेणियों के शिक्षार्थियों, विशेष रूप से देरी से पढ़ाई शुरू करने वालों, जिन व्यक्तियों के घर के पास उच्चतम शिक्षा साधन नहीं है, सेवारत व्यक्तियों और अपनी शैक्षिक योग्यताएं बढ़ाने के इच्छुक व्यक्तियों को लाभ प्रदान कर रही है। मुक्त विश्वविद्यालय ऐसे लचीले पाठ्यक्रम विकल्प देते हैं जिन्हें वे छात्र ले सकते हैं जिनके पास कोई औपचारिक योग्यता नहीं है किन्तु अपेक्षित आयु (प्रथम डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 18 वर्ष) के हो चुके हैं और लिखित प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। ये पाठ्यक्रम छात्र अपनी सुविधानुसार भी ले सकते हैं। विश्वविद्यालयों के दूरस्थ शिक्षा केंद्र न्यूनतम पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों को प्रवेश देते हैं। यह पात्रता नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही होती है। पत्राचार शैक्षिक संस्थाएं छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री के साथ-साथ संपर्क कक्षाएं भी उपलब्ध कराती हैं और परीक्षाएं संचालित करती हैं।
अधिकांश विश्वविद्यालय मुद्रित अध्ययन सामग्री के अलावा अपने स्थानीय केंद्रों पर मल्टीमीडिया साधनों से भी छात्रों को शिक्षित करते हैं। ये विश्वविद्यालय ग्रैजुएशन पाठ्यक्रम, मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम, एम.फिल पीएच.डी. तथा डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी चलाते हैं जिनमें से अधिकांश पाठ्यक्रम करियर उन्मुखी होते हैं।

# सफलता के लिए हमेशा याद रखें...

किसी भी कार्य की सफलता के लिए भावना अच्छी होनी चाहिए। कार्य को प्रारम्भ करने के पीछे हमारा भाव क्या है। हम क्या करना चाहते हैं इसका महत्व है। सफलता के लिए भगवान का सुमिरन कर कार्य करें। भगवान का ध्यान कर किए जाने वाले कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। केवल परिश्रम से कुछ नहीं होता। कुछ लोग भगवान की असीम कृपा से कम परिश्रम में भी सफलता की ऊंचाइयों को छू लेते हैं। संतों ने सफलता के 3 मंत्र बताए। पहला भगवान का स्मरण, दूसरा धैर्य तथा तीसरा परमार्थ की भावना जुड़ी होनी चाहिए।
प्रत्येक मंदिर बाहर से स्वच्छ होना चाहिए और भीतर से पवित्र होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति भी बाहर से स्वच्छ और भीतर से पवित्र होना चाहिए। फिर कोई लम्बी साधना करने की जरूरत नहीं। मां त्रिस्तरीय काम करती है। सृष्टि को उत्पन्न करती है, उसका परिपालन और उसका संघार करती है। अम्बा के 3 स्तर हैं, स्त्री शरीर अम्बा का ही अंश है। ऐसा मानकर उसका 3 स्तर पर सम्मान करना चाहिए। कन्या का सम्मान, धर्मपत्नी का सम्मान और मां का सम्मान। आनंद की अंतिम सीमा आंसू हैं। हम सबका जीवन फल होना चाहिए प्रेम। सत्य शायद हम चूक जाएं। करुणा छूट जाए लेकिन प्रेम बना रहे। यह जीवन का फल है।

## मेरे काम में मदद करती है शोभिता

नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला ने अपना रिलेशनशिप दो साल तक सीक्रेट रखा। हालांकि, अब भी शादी के बंधन में बंधने के बाद दोनों साथ में बहुत कम तस्वीरें शेयर करते हैं। नागा अपनी फिल्म थंडेल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के द चैतन्य ने अपने रिश्ते को लेकर कुछ बातें की हैं।

### तनाव से निकलने में करती हैं मदद

नागा चैतन्य ने अपनी आगामी फिल्म थंडेल के प्रमोशन के दौरान अपने रिश्ते को लेकर भी बात की है। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी काम में भी उनकी बहुत मदद करती हैं। चैतन्य ने कहा कि उनकी पत्नी बहुत समझदार हैं, जो हर तनावपूर्ण परिस्थिति से बाहर आने में उनकी मदद करती हैं। उनके चुने प्रोजेक्ट्स के बारे में उन्हें सलाह देती हैं। हर जरूरी राय उनके काम के बारे में वे हमेशा देती रहती हैं।

### पत्नी शोभिता देती हैं सही सलाह

नागा चैतन्य ने कहा, मैं अपने सभी विचार उनके पास लेकर जाता हूं। जब भी किसी तरह की उलझन होती है, तो मैं उनके पास जाता हूँ। जब मैं तनाव में होता हूं, तो वह उसे समझ लेती हैं। वह तुरंत मुझसे पूछती हैं, क्या गड़बड़ है? क्या है? वह निश्चित रूप से मेरी बाउंसिंग बोर्ड हैं। वह मुझे बेहतरीन सलाह देती हैं। उनकी राय बहुत ही तटस्थ होती है और वह सही जगह से सोचती हैं। मैं उनकी राय को बहुत महत्व देता हूं। हर चीज उनके जरिए फिल्टर होती है। वह बहुत समझदार हैं।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

नागा चैतन्य की फिल्म 7 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया। नागा के साथ इस फिल्म में साई पल्लवी भी नजर आने वाली हैं। इससे पहले नागा चैतन्य को अपनी फिल्म 'लव स्टोरी' के लिए काफी सराहनाएं मिली थीं। इस फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी नजर आई थीं। दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था।

# एटली की ए6 में हुई रश्मिका की एंट्री

**सलमान खान और रश्मिका मंदाना पहली बार सिकंदर में साथ नजर आएंगे। वे इस समय फिल्म की शूटिंग भी कर रहे हैं। इसी बीच एक रिपोर्ट आ रही है कि दोनों डायरेक्टर एटली के अगले प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स पुष्पा 2 में रश्मिका की एक्टिंग से बहुत प्रभावित हैं।**

सूत्रों के हवाले से बताया है, सलमान खान और रश्मिका मंदाना दोनों ने सिकंदर के सेट पर शानदार काम किया। पुष्पा 2 में रश्मिका की एक्टिंग ने सलमान और एटली दोनों को प्रभावित किया। यही वजह है कि निर्माताओं ने सलमान और एटली की आने वाली फिल्म में भी उन्हें साइन करने का फैसला किया है।

### रजनीकांत या कमल हासन की कास्टिंग

दिसंबर 2024 में एटली ने कंफर्म किया था कि उनकी फिल्म में सलमान लीड रोल में नजर आएंगे। इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है और इसे ए6 टाइटल दिया गया है। कथित तौर पर एटली भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बनाने के लिए रजनीकांत या कमल हासन को लेकर कास्टिंग में बदलाव करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जल्द होगा धमाकेदार ऐलान

एटली ने बताया ए6 ऐसी फिल्म है, जिसमें बहुत समय और एनर्जी लगती है। हमने स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और हम तैयारी के चरण में हैं। भगवान के आशीर्वाद से जल्द ही एक धमाकेदार ऐलान होगा।

### सिकंदर में रश्मिका होंगी

सिकंदर की बात करें तो निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। 80 सेकंड के धमाकेदार ट्रेलर में सलमान खान पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आए हैं। ईद 2025 पर रिलीज होने वाली इस फिल्म में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के साथ सत्यराज, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल और शरमन जोशी जैसे कलाकारों की टुकड़ी है।

# जॉन अब्राहम के हाथ लगी रोहित शेट्टी की एक्शन थ्रिलर फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की नई फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। खबर है कि अभिनेता बॉलीवुड के निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। हालांकि, यह फिल्म रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा नहीं होगी।

### अप्रैल में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की कहानी अभी लिखी जा रही है। बताया गया है कि रोहित शेट्टी और जॉन अब्राहम इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल, 2025 तक शुरू करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि रोहित के मन में इस फिल्म का आइडिया काफी समय से था। सिंघम अगेन (2024) रिलीज होने के बाद उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया, जबकि गोलमाल 5 की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है।

### क्या बायोपिक होगी रोहित शेट्टी की फिल्म?

रोहित शेट्टी पुलिस की कहानियों और कॉमेडी फ्रेंचाइजी से आगे जाना चाहते हैं। जॉन के साथ कुछ प्रारंभिक बैठकें हो चुकी हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यह फिल्म मुंबई पुलिस के पूर्व संयुक्त आयुक्त राकेश मारिया की बायोपिक होगी।

### फिल्म का शूटिंग शेड्यूल

फिल्म की शूटिंग मुंबई में 45 दिनों तक चलेगी। बताया गया कि अभिनेता और निर्देशक ने संभावित तारीखों पर चर्चा की है। वे दोनों गर्मियों में इसकी शूटिंग करने करना चाहते हैं, जिसके बाद रोहित खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग के लिए चले जाएंगे। यह जॉन अब्राहम की योजना के साथ पूरी तरह मेल खाता है, क्योंकि वह अगस्त में आइल ऑफ मैन पर अपनी मोटरसाइकिल रेसिंग फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

# एसएसएमबी 29 के लिए प्रियंका चोपड़ा ने ली इतनी मोटी रकम

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म एसएसएमबी 29 में महेश बाबू के साथ लीड रोल में नजर आ सकती हैं। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका इस प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही हैं।

### प्रियंका ने ली मोटी फीस

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा की फीस लगभग 30 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शुरुआती बातचीत में प्रियंका ने इससे भी ज्यादा फीस की मांग की थी, लेकिन निर्माता और प्रियंका के बीच सफल बातचीत के बाद इस रकम पर सहमति बनी। प्रियंका का नाम जुड़ने से एसएसएमबी 29 की लोकप्रियता भारत के साथ विदेश में भी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### विदेशी कलाकारों को कास्ट करने पर हो रहा विचार

एसएसएमबी 29 को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक फिल्म एक अफ्रीकी एडवेंचर होगी। यह इंडियाना जोंस जैसी क्लासिक फिल्म की लोगों को याद दिला सकती है। फिल्म की टीम विदेशी कलाकारों को भी कास्ट करने पर विचार कर रही है ताकि फिल्म की वैश्विक अपील को और बढ़ाया जा सके।

### बड़े बजट में बन रही फिल्म

एसएस राजामौली की फिल्में हमेशा बड़े बजट की शानदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। एसएसएमबी 29 भी इससे अलग नहीं होने वाली है। महेश बाबू की मौजूदगी और राजामौली की निर्देशन क्षमता इस फिल्म को एक बड़े हिट के रूप में स्थापित कर सकती है।

### दो साल से चल रहा काम

यह फिल्म प्री-प्रोडक्शन में लगभग दो साल से तैयार हो रही है। फिल्म की पटकथा विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है जो राजामौली के पिता हैं। इसकी शूटिंग अप्रैल 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग के लिए प्रमुख स्थानों में केन्या और आंध्र प्रदेश के बोर्रा गुफाएं शामिल हैं। महेश बाबू ने अपनी भूमिका के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है और उनकी भूमिका का हनुमान से प्रेरित हो सकता है।

# लवयापा के ट्रेलर रिलीज पर कांप रही थीं खुशी कपूर

खुशी कपूर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म लवयापा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री जल्द ही जुनैद खान नजर आएंगी। फिल्म 7 फरवरी 2025 को फिल्म की रिलीज से पहले इस फिल्म की रिलीज को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म की रिलीज को लेकर वे बहुत नर्वस हो रही हैं। जब उन्होंने ट्रेलर लॉन्च पर सिनेमा में ट्रेलर और कुछ गाने देखे तो वह कांप रही थीं। खुशी कपूर ने स्वीकार किया कि सिनेमाघरों में लवयापा की रिलीज के साथ उनकी ओटीटी फिल्म, द आर्चीज की तुलना से उन्हें तनाव हो रहा है। उस पल को याद करते हुए जब उन्होंने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहली बार खुद को बड़े पर्दे पर देखा तो खुशी कपूर ने स्वीकार किया कि वह वास्तव में कांप रही थीं। इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किए जाने को लेकर जुनैद ने कहा कि ओटीटी बनाम सिनेमा का सवाल वितरकों के लिए है, न कि कलाकारों के लिए। जुनैद के मुताबिक माध्यम के फर्क से कलाकारों के लिए कुछ भी नहीं बदलता है। अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी लवयापा 07 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 1000 करोड़ रुपये के बजट में बनेगी गजनी 2

**सुपरस्टार आमिर खान ने नागा चैतन्य और साई पल्लवी की आने वाली फिल्म थंडेल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शिरकत की। इस इवेंट में साउथ के प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद भी मौजूद थे। इवेंट के दौरान खान और अरविंद ने बहुचर्चित सीक्वल गजनी 2 के बारे में बड़ा संकेत दिया।**

### 1000 करोड़ी फिल्म बनाएंगे अल्लू अरविंद

मीडिया से बातचीत करते हुए अल्लू अरविंद ने कहा, मुझे आपके साथ 1000 करोड़ की फिल्म बनानी चाहिए। शायद गजनी 2। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए आमिर खान ने कहा, गजनी 2 के बारे में इंटरनेट पर बहुत कुछ कहा जा रहा है। पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही हैं कि अल्लू अरविंद तमिल और हिंदी दोनों में सीक्वल बनाने की योजना बना रहे हैं। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो सूर्या गजनी 2 के तमिल वर्जन में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जबकि आमिर खान को हिंदी वर्जन के लिए चुना जाएगा।

### अल्लू अरविंद ने दिया अपडेट

रिपोर्ट्स के अनुसार, तमिल संस्करण में सूर्या मुख्य भूमिका निभाएंगे, जबकि आमिर हिंदी संस्करण के लिए अपनी भूमिका को दोहराएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान सूर्या ने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि आपने मुझसे अब गजनी 2 के बारे में पूछा। लंबे समय के बाद अल्लू अरविंद ने सीक्वल के विचार के साथ मुझसे संपर्क किया और पूछा कि क्या यह संभव होगा। मैंने कहा कि निश्चित रूप से सर, हम इस पर विचार कर सकते हैं। हां, बातचीत शुरू हो गई है और चीजें प्रक्रिया में हैं। गजनी 2 हो सकती है।

### दोनों संस्करण एक साथ होंगे रिलीज

रिपोर्ट्स के अनुसार, पैन-इंडिया फिल्मों के उदय के साथ लोकप्रिय सितारों के साथ पंथ फिल्मों के रीमेक बनते जा रहे हैं। सूर्या और आमिर खान दोनों गजनी 2 को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन वे फिल्म से जुड़ा रीमेक लेबल नहीं चाहते हैं। वे इस बात से भी चिंतित हैं कि एक संस्करण को दूसरे से पहले रिलीज करने से नयापन खत्म हो सकता है और उन्होंने निर्माताओं के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। दोनों अभिनेताओं की बात सुनने के बाद अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने एक समाधान निकला कि गजनी 2 के दो संस्करणों को एक साथ शूट करें और उन्हें एक ही दिन रिलीज करें।

### स्क्रिप्ट पर काम जारी

निर्माताओं का मानना है कि गजनी जैसी कल्ट क्लासिक का सीक्वल बनाना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ आता है, क्योंकि पहला भाग दोनों अभिनेताओं के लिए गेम-चेंजर था। उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सीक्वल ऑर्गेनिक लगे और इसे केवल पैसों के फायदे के लिए नहीं बनाया गया हो। वे दोनों कॉन्सेप्ट को पसंद करते हैं। वर्तमान में स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है और फैंस को 2025 के मध्य तक इसके बारे में खास जानकारी मिल सकती है।

# एक बार फिर ओटीटी पर धमाल मचाएंगी तृप्ति

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिसकी शूटिंग में अभिनेत्री व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री के नए प्रोजेक्ट को लेकर दिलचस्प खबर सामने आ रही है। ऐसा लगता है कि तृप्ति के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। खबर है कि तृप्ति डिमरी को एक बायोपिक ओटीटी सीरीज में दिवंगत परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। 2024 में लगातार दो फिल्मों के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद प्रशंसक तृप्ति को इस प्रतिष्ठित भूमिका में देखने के लिए बेताब हैं। तृप्ति डिमरी के पास आने वाले समय में कई रोमांचक फिल्में हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से खुद को एक स्टार के रूप में साबित किया है और अब वह एक बार फिर ओटीटी स्पेस में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। इससे पहले बुलबुल और कला जैसी नेटफ्लिक्स फिल्मों में अभिनय कर चुकीं तृप्ति डिमरी को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल होना एक बेहतरीन अगला कदम लगता है।

# युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देगी सरकार : जयंत चौधरी

## ग्रेटर नोएडा में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह का ग्रेटर नोएडा आगमन पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता एवं किसानों से बात करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि एनडीए की सरकार किसान मजदूर की सबसे हितैषी सरकार है। कौशल विकास मंत्रालय के तहत युवाओं का स्किल्ड स्तर बढ़ाकर अधिक से अधिक रोजगार दिया जाएगा। प्रदेश में योगी जी की सरकार ने उद्योगों के लिए एक अच्छा माहौल तैयार किया है जिससे आने वाले दिनों में हर वर्ग के युवाओं को रोजगार मिलेगा।

इस मौके पर महेश आर्य, इंद्रवीर भाटी, श्रीमती हेमा पाठक, श्रीमती प्रियंका अत्रि, मनवीर भाटी, हरवीर सिंह, तालान राहुल भाटी, निशांत भाटी, प्रमोद भाटी, सतीश यादव, जसवीर भाटी, निशांत रावल, अजय पाल भाटी, सलाल भगत, सुमित भाटी, नितिन भाटी, आदित्य कसाना, ईश्वर सिंह, रॉबिन जितेंद्र भाटी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नोएडा स्टेडियम श्रीराम कथा**

# श्रीराम के विवाह में जमकर झूमे नोएडावासी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा स्टेडियम में हो रही दिव्य श्री राम कथा में विजय कौशल महाराज ने भगवान राम माँ जानकी के विवाह की कथा सुनाई। इस दौरान नोएडावासी जमकर झूमे।

विजय कौशल महाराज ने जब जानकी जी दवारा गौरी माँ की स्तुति के प्रसंग का वर्णन किया। भगवान राम के द्वारा धनुष तोड़े जाने के प्रसंग के संबंध में उन्हें कहा कि जीवन में कभी भी अहंकार चढ़ाया नहीं जाता, अहंकार तोड़ा जाता है।

कथा के प्रारंभ में मंगलमय परिवार नोएडा के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने नोएडा एंटरप्रेन्योरशिप एसोसिएशन के विपिन मल्हन, वीके सेठ अमरनाथ गुप्ता, सुशील सिंघल, राकेश शर्मा, अमित गुप्ता, आलोक अग्रवाल, दशरथ नाथ बंसल, नीरू शर्मा, राजेंद्र गोयल, अनिल गर्ग और देश के कोने-कोने से आये अतिथियों का स्वागत किया। उन्हें वृन्दावन में चल रही श्रीजी रसोई से जुड़ने के लिए आह्वान किया। दिव्य श्री कथा में वाईएसएस नोएडा टीम प्रसाद वितरण का दायित्व निभा रही है।

कथा में नेवैद्य शर्मा, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल, मुकुल वाजपेयी, विनोद शर्मा, संदीप तायल, सुमन गुप्ता, शांता मित्तल, अनीता गुप्ता, संगीता अग्रवाल, सुचि गुप्ता, शालू गुप्ता, शिल्पी अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, सुजाता शर्मा, सपना बंसल, मीरा बजाज आदि मौजूद रहे।

# रायपुर पहुंची नोएडा प्राधिकरण की टीम

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा आपके द्वार अभियान के तहत प्राधिकरण के अधिकारी गांव रायपुर पहुंचे तथा लोगों की समस्याएं सुनी। बैठक के दौरान वरिष्ठ प्रबन्धक (वि0/यां0-4), प्रबन्धक (वर्क सर्किल-9), प्रबन्धक (जल खण्ड-3), स्वास्थ्य निरीक्षक (जन स्वास्थ्य-2), प्रबन्धक (उद्यान खण्ड-2) तथा सम्बंधित स्टाफ उपस्थित थे। साथ ही ग्राम-रायपुर के विभिन्न ग्रामवासी भी बैठक के दौरान उपस्थित थे। लोगों ने 13 प्रमुख समस्याएं रखीं।

ग्रामवासियों द्वारा प्राधिकरण द्वारा ग्राम विकास हेतु कराये गये कार्यों के अन्तर्गत निम्न मांगों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# 55 करोड़ रुपए बकाया न देने पर बिल्डर की संपत्ति सील

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने बकाया पैसा जमा नहीं करने पर बिल्डर के खिलाफ एक्शन लिया है। बिल्डर की अनसोल्ड इंवेंट्री को सील किया गया। बिल्डर को बकाया जमा करने के लिए पहले कई बार प्राधिकरण नोटिस जारी कर चुका है। इसके अलावा 27 दिसंबर 2024 को बिल्डर से बकाया वसूली के लिए आरसी भी जारी की गई थी।

प्राधिकरण ने बताया कि बिल्डर टीजीबी इंफ्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड पर 55 करोड़ रुपए का बकाया है ।कई बार नोटिस जारी किए गए लेकिन बिल्डर ने न तो जवाब दिया और न बकाया रकम जमा की। ऐसे में गुरुवार को सर्किल अधिकारी के साथ एक टीम सेक्टर-50 जीएच-एफ-21 पहुंची। टीम ने सेक्टर-50 और सेक्टर-78 स्थित 115 अनसोल्ड इंवेंट्री में कई को सील किया। जिसमें एक्स 25ए ये योजना 6500 वर्गमीटर में बनाई है। इसके अलावा एक्स24बी इसे 7500 वर्गमीटर में बनाया गया । वहीं 1000 वर्गमीटर का कामर्शियल



स्पेस भी सील किया गया।

प्राधिकरण ने बताया कि जिन बिल्डरों ने अब बकाया जमा नहीं किया है। या अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 25 प्रतिशत पैसा जमा नहीं कर रहे है। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जा रहा है। ऐसे अन्य बिल्डरों की पहचान की जा चुकी है। उनकी अनसोल्ड इंवेट्री की डिटेल आ चुकी है। जल्द ही कार्यवाही करते हुए फ्लैट और कामर्शियल स्पेस को सील किया जाएगा।

# जेवर के धनौरी में बनेगी बड़ी गौशाला: धीरेन्द्र सिंह

**जेवर (चेतना मंच)।** निराश्रित गौवंशों को आसरा देने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा लगातार काम किया जा रहा है ।अब गौतमबुद्धनगर के जेवर विधानसभा क्षेत्र में एक और गौशाला का निर्माण किया जाएगा। ग्राम धनौरी में लगभग 5 करोड़ की लागत से गौशाला का निर्माण होगा जिसमें लगभग 500 गौवंशों को आसरा मिलेगा।

आपको बता दें कि जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह के समक्ष विगत 4 वर्ष पहले ग्राम भट्टा, पारसौल, मुतैना, सक्का, उस्मानपुर, मिर्जापुर, आछेपुर, चांदपुर आदि दर्जनों ग्रामों के किसानों ने जेवर में गौशाला के निर्माण की मांग उठाई थी। अब दर्जनों ग्रामों में आवारा और निराश्रित गौवंशों की समस्या से ग्रामीणों को शीघ्र ही निजात मिलने जा रही हैं। ग्राम धनौरी में 05 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका अगले सप्ताह टेंडर जारी होगा।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्राम धनौरी में गौशाला की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्र में न सिर्फ आवारा और निराश्रित गौवंश की समस्या में कमी आएगी बल्कि गौवंश का बेहतर सरंक्षण होगा तथा गौशाला बनने से आम जनमानस को छुट्टा गौवंशों की समस्या से भी राहत मिलेगी।

इस गौशाला में पेयजल के लिए बेहतर सुविधा होगी। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त हरा चारा, चोकर, पेयजल की सुविधा के साथ साथ 6 शेड बनाए जाएंगे। शीघ्र ही यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण टेंडर करने जा रही है।

# पीएमएफएमई योजना में मिलेगा रोजगार

**नोएडा (चेतना मंच)।** देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिला उद्यान अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) के रूप में रोजगार पाने का अवसर है।

उन्होंने योजना के अंतर्गत अनुमन्य लाभ प्राप्त करने के लिये न्यूनतम योग्यता के संबंध में सर्वसाधारण को बताया कि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय/संस्थान से खाद्य प्रौद्योगिकी/ खाद्य अभियन्त्रण में डिप्लोमा/स्नातक डिग्री अथवा प्रौद्योगिकी उन्नय नये उत्पाद विकास, गुणवत्ता आश्वासन, खाद्य सुरक्षा प्रबंधन के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में कंसल्टेन्सी सेवायें प्रदान करने में 3 से 5 वर्ष का अनुभव अथवा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, बैंकिग, डीपीआर की तैयारी और प्रशिक्षण में अनुभव वाले व्यक्ति हो, ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी 10 फरवरी तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, विकास भवन से फोन नंबर-9259235906, 01202978508 संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए प्रमाण पत्र बनाने वाले 9 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने फर्जी दस्तावेज का प्रयोग कर जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र आदि बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त के पास से पुलिस ने 6 सीपीयू, 2 लैपटॉप, एक फर्जी रेंट एग्रीमेंट, दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, 1 फर्जी आय प्रमाण पत्र, एक फर्जी पासपोर्ट की कॉपी, एसएससी एडमिट कार्ड, एक पेटीएम मशीन, एक बिल बुक, 3 एटीएम कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, सात डायरी, एक सील मोहर, फर्जी बिजली के बिल, जन्म प्रमाण पत्र आदि बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने एक सूचना के आधार पर महागुन मार्ट गौर सिटी -2 ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक शॉप कैपिटल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड से फर्जी दस्तावेज को प्रयोग कर आधार कार्ड, रेंट एग्रीमेंट, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, म्युचुअल ट्रेडिंग अकाउंट बनाने वाले गैंग के नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अजय कुमार जायसवाल पुत्र सर्वेश कुमार जायसवाल, अंकित कुमार पुत्र राजेश कुमार, आकाश पुत्र राकेश, विशेष कुमार पुत्र बलेश सिंह, अमित विश्वकर्मा पुत्र राजेश, आशुतोष पांडे पुत्र योगी पांडे, दीपक कुमार पुत्र सतीश द्विवेदी, शानू पुत्र किशोरी, सुखपाल जो की एक बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत है को गिरफ्तार किया है।

# संस्कार अध्ययन केंद्र गढी ने जीती सरिता मिश्रा मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी

**नोएडा (चेतना मंच)।** ईशान म्यूजिक कॉलेज सेक्टर-12 में सरिता मिश्रा मेमोरियल



अंतर्विद्यालय निबंध एवं भाषण रोलिंग ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियागिता नोएडा लोक मंच एन.जी.ओ. द्वारा वरिष्ठ आईएएस पी के मिश्रा की पत्नी की स्मृति में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता को दो वर्गों एवं दो चरणों में बांटा गया था। प्रथम चरण में निबंध प्रतियोगिता, दूसरे चरण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन संस्कार अध्ययन केंद्र सर्फाबाद सेक्टर 73 नोएडा में किया गया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 18 स्कूलों के 144 बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया था और उसमें से लगभग 38 बच्चों का चयन द्वितीय चरण भाषण प्रतियोगिता के लिए किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर भाषण प्रस्तुत किए।

भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका में हिंदी के प्रसिद्ध शिक्षाविद में श्रीमती गिरजा सिंह, श्रीमती मीता, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती अंजना भागी,श्रीमती बृजबाला,श्रीमती सुनीता खटाना एवं कुशाग्र अवस्थी शामिल थे। इन सभी निर्णायक मंडल के सदस्यों के संयुक्त परिणाम द्वारा ही भाषण प्रतियोगिता का महत्वपूर्ण परिणाम घोषित किया गया। संस्कार अध्ययन केंद्र गढी ने सरिता मिश्र मेमोरियल निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता की रोलिंग ट्रॉफी जीती।

प्रथम वर्ग में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार आराध्या मिश्रा न्यू ग्रीन लोन ब्रांच 2 नोएडा को ,द्वितीय पुरस्कार नैंसी आदर्श प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 22 नोएडा को, एवम तृतीय पुरस्कार आयुष पोखरेल आदर्श प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 22 नोएडा को मिला । इसके अलावा दो प्रोत्साहन पुरस्कार लक्ष्मी संस्कार अध्ययन केंद्र गढी को एवं तवी राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल नोएडा को मिला।

विजेता बच्चों को उपस्थित अतिथियों एनपी सिंह आईएएस पूर्व जिलाधिकारी नोएडा,अध्यक्ष भारतीय शिक्षा बोर्ड, वरिष्ठ आईएएस पी के मिश्रा, (पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एवं पूर्व सीईओ नोएडा) जमील अहमद, एन के अंबष्ट (पूर्व अध्यक्ष एनआईओएस), इन्फोसिस से ऋषि पाल, गौरव सक्सेना ,नोएडा लोक मंच महेश सक्सेना एवं आर.एन श्रीवास्तव कार्यकारिणी सचिव द्वारा पुरस्कृत किया गया।